राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15

अंक : 43

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

सोमवार 12 जनवरी 2026

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 मेडिकल डिवाइस पार्क में 22 भूखंड की योजना

पेज 4 दलित बेटी को अगवा करने वाला जेल भेजा गया

पेज 6 52 साल के हुए द्रविड़ को जन्मदिन पर मिली बधाइया

## संक्षिप्त खबरें

### मां ने बेटे-बेटी की गला काटकर हत्या की

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में मां ने अपने दो मासूम बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। बच्चों को मारकर महिला ने खुद जहर खा लिया। महिला गंभीर हालत में हॉस्पिटल में एडमिट है। घटना रविवार सुबह मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के मानपुरा गांव की है। घटना के दौरान महिला का पति घर पर नहीं था। बच्चों को मारने के बाद उसने पति को फोन कर कहा- मैंने बच्चों को मार दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से कैंसर से पीड़ित है। इसी कारण वह परेशान थी। मांडलगढ़ डीएसपी बाबूलाल बिश्नोई ने बताया- मांडलगढ़ क्षेत्र के मानपुर में महिला ने दो बच्चों का मर्डर कर दिया है।

### पटना में कंटेनर से टकराई गाड़ियां, पिता-बेटी की मौत

**पटना।** पटना में बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर शनिवार रात भीषण सड़क हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं, जिसमें 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। मरने वालों में पिता और बेटी है। हादसा इतना जबरदस्त था कि पिता का सिर चूर-चूर हो गया। वहीं बेटी का सिर धड़ से अलग हो गया। उनकी गाड़ी स्कॉर्पियो की छत उड़ गई। वहीं, पत्नी-बेटे समेत 4 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियों से आगे एक कंटेनर जा रहा था, जिसका टायर अचानक फट गया और वो रुक गया। तभी पीछे चल रही स्कॉर्पियो कंटेनर से टकरा गई। इसके बाद स्कॉर्पियो के पीछे से आ रही क्रेटा कार भी टकरा गई।

# कड़ाके की ठंड से कांपा पूरा उत्तर भारत, शीतलहर का सितम जारी

- राजस्थान-हरियाणा में तापमान शून्य से नीचे, खेतों में बर्फ जमी
- दिल्ली के पालम में 13 साल का न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड टूटा
- तरनतारन में अंगीठी से दम घुटने से एक परिवार के तीन की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में जारी कड़ाके की ठंड रविवार को और बढ़ गई। राजस्थान के कुछ हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे चला गया। यहां सीकर जिले के फतेहपुर में शनिवार रात को तापमान माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण यहां खेतों व घरों की छत पर बर्फ जम गई।

रेगिस्तानी जिले जैसलमेर के चांधन और रामगढ़ में सुबह खुले में बर्फ जमी हुई नजर आई। वहीं, राजधानी दिल्ली में कुछ स्थानों पर न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया। हरियाणा के रेवाड़ी का न्यूनतम तापमान माइनस में 0.6 डिग्री दर्ज किया गया। अगले दो दिन भी ऐसी ही स्थिति रहने की संभावना है।

### दिल्ली के पालम में टूटा 13 साल का रिकॉर्ड

दिल्ली के पालम में न्यूनतम तापमान 13 वर्षों में सबसे कम दर्ज किया गया। यहां तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री कम 3.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।



इससे पहले पालम में सात जनवरी, 2013 को न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। राजधानी में आयानगर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। रिज क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हिमाचल में पाइप में जमा पानी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सराज क्षेत्र में कई स्थानों पर पेयजल पाइप में पानी जमने लगा है। इस कारण लोगों को दूरदराज से पानी लाना पड़ रहा है। रविवार को बिलासपुर, पांवटा साहिब, ऊना और सुंदरनगर में सुबह कोहरा छाया रहा। प्रदेश में पांच स्थानों पर तापमान जमाव बिंदु से नीचे है। सबसे कम तापमान कुकुमसेरी में माइनस 10.8 दर्ज किया गया।

### श्रीनगर से ठंडा रहा जम्मू

जम्मू में पारे में जबरदस्त गिरावट आई है। सर्द हवाओं के बीच यहां रविवार को अधिकतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो राजधानी श्रीनगर के 11.9 डिग्री से कम था। जम्मू में न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस के साथ शनिवार को सीजन की सबसे सर्द रात बीती।

### राजस्थान और पंजाब में शीतलहर का दौर जारी

राजस्थान में शीतलहर का दौर जारी है। श्रीगंगानगर जिले में रविवार को दिनभर कोहरा छाया रहा। प्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में लगातार चौथे दिन तापमान जमाव बिंदु पर रहा।

समाचार एजेंसी के अनुसार, स्थानीय मौसम कार्यालय ने बताया कि प्रतापगढ़ में न्यूनतम तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस था, जबकि बाड़मेर में न्यूनतम तापमान माइनस 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पंजाब में अमृतसर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### हरियाणा में कोहरे का यलो अलर्ट

हरियाणा में शीत लहर चलने से तापमान तेजी से नीचे आया। हिसार में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री तक पहुंच गया वहीं नारनौल का तापमान 1.5 डिग्री रहा।

### कमरे में अंगीठी जलाकर सोया परिवार, तीन की मौत

तरनतारन के गांव अलीपुर में ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सोये परिवार के तीन लोगों की दम घुटने से मौत हो गई जबकि एक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मरने वालों में 21 वर्षीय अर्शदीप सिंह, उसकी 20 वर्षीय पत्नी जशनदीप कौर और दो महीने का बेटा गुरबाज सिंह शामिल हैं। तरनतारन में एक सप्ताह में ही अंगीठी की जहरीली गैस से मौत की यह दूसरी घटना है। इससे पहले एक दंपती की भी मौत हुई थी।

### राज्यव्यापी बंद




देहरादून में अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में सामाजिक समूहों और राजनीतिक संगठनों द्वारा बुलाए गए राज्यव्यापी बंद के दौरान एक प्रदर्शनकारी।

## तेलंगाना में 547 करोड़ के साइबर फ्रॉड से जुड़े म्यूल अकाउंट रैकेट का भंडाफोड़, 18 गिरफ्तार

खम्मम। तेलंगाना के खम्मम जिले में पुलिस ने बड़े साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े 'म्यूल' बैंक अकाउंट चलाने के आरोप में 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इन अकाउंट्स के जरिए करीब 547 करोड़ के संदिग्ध लेनदेन किए गए, जो साइबर ठगी से जुड़े पाए गए हैं। इस मामले में कुल 24 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जबकि बाकी आरोपी फरार हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नौकरी, बिजनेस और पैसों के लालच देकर लोगों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाते थे और उनकी इंटरनेट बैंकिंग जानकारी हासिल कर उसका दुरुपयोग करते थे। इन अकाउंट्स का इस्तेमाल साइबर फ्रॉड की रकम को ट्रांसफर करने, विदेश भेजने, क्रिप्टोकरेंसी में बदलने और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया गया।

# ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी

**एक्स ने गलती मानी; 3500 कंटेंट हटाए, 600 से ज्यादा अकाउंट डिलीट**




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलतियां स्वीकार की हैं। कंपनी ने कहा है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाएगी और भारत के कानूनों का पालन करेगी।

सरकार के सूत्रों के मुताबिक यह फैसला अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद लिया गया। प्लेटफॉर्म ने बताया कि उन्होंने 3,500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं। साथ ही 600 से ज्यादा अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए हैं।

दरअसल, शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने उसी दिन एक्स से कहा था कि वह एआई ऐप ग्रोक से बनाई जा रहे अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा- एक्स ने कंटेंट को रोकने की जगह सीमित कर दिया है



राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शनिवार को एक्स पर इस मामले में फिर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने Grok के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से उत्तेजक इमेज जेनरेशन को पूरी तरह से रोकने की बजाय केवल पेड यूजर्स तक सीमित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिससे उन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है।

### एक्स ने कहा- भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है

एक्स ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है। कंपनी ने कहा कि वह यहां के नियमों का सम्मान करेगी। यह कदम कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत बनाएगा।

# ईरान हिंसा : अबतक 538 लोगों की मौत, 10 हजार अरेस्ट



### ईरान की अमेरिका-इजराइल को धमकी, कहा- हमला किया तो पलटवार करेंगे

**तेहरान।** ईरान में 15 दिन से जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन में अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10,600 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। न्यूज एजेंसी ने प्रदर्शनकारियों के हवाले से बताया कि मरने वालों में 490 प्रदर्शनकारी और 48 सुरक्षा कर्मी हैं।

इन प्रदर्शनों के बीच ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उस पर हमला किया, तो वह अमेरिकी सैनिकों और इजराइल को निशाना बनाएगा।

ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कालीबाफ ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो इलाके में मौजूद सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस, शिप्स और इजरायल हमारे टारगेट पर होंगे। यह बयान संसद के लाइव सत्र के दौरान दिया गया, जहां सांसद -डेथ टू अमेरिका' के नारे लगा रहे थे।

कालीबाफ ने ईरान की सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हालात में मजबूती से काम किया है। प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी कि गिरफ्तार किए गए लोगों से सबसे सख्त तरीके से निपटा जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।



## हैप्पी मॉर्निंग

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है।

उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना।

वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी? बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।



## शायरी

औरत घर के चूल्हे से जल जाती है

मुझ को ऐसे ज़िंदानों से डर लगता है

# सांबा, राजौरी और पुंछ में एलओसी पर दिखे 5 ड्रोन

**दावा- पाकिस्तान घुसपैठ की कोशिश में; सेना का काउंटर अटैक, सर्च ऑपरेशन शुरू**

**दावा- पाकिस्तान घुसपैठ की कोशिश में; सेना का काउंटर अटैक, सर्च ऑपरेशन शुरू**



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में पाकिस्तान से लगी सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल के पास रविवार शाम करीब 5 ड्रोन दिखाई दिए। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक राजौरी में नौशेरा सेक्टर में तैनात जवानों ने शाम करीब 6.35 बजे गनिया-कलसियां गांव के ऊपर ड्रोन देखा। इसके बाद मीडियम और लाइट मशीन गन से फायरिंग की राजौरी के तेरियाथ के खब्बर गांव में शाम 6.35 बजे एक और ड्रोन देखा गया। यह ड्रोन कलाकोट के धर्मसाल गांव की तरफ से आया और आगे भरख की ओर बढ़ गया। वहीं, सांबा के रामगढ़ सेक्टर में चक बबरल गांव के ऊपर शाम करीब 7.15 बजे ड्रोन जैसी चीज कुछ मिनट तक मंडराती दिखी। पुंछ में भी मनकोट सेक्टर में शाम 6.25 बजे तैन से टोपा की ओर ड्रोन जैसी एक और चीज जाती हुई देखी गई।

फॉरवर्ड इलाकों में संदिग्ध ड्रोन की हलचल दिखने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले 9 जनवरी को सांबा में आईबी के पास घगवाल के पालूरा गांव में हथियार की खेप मिली थी, जिसे पाकिस्तान से आए ड्रोन ने गिराया था। इसमें 2 पिस्तौल, तीन मैगजीन, 16 राउंड और एक ग्रेनेड शामिल था।


### सुरक्षा बलों को शक- पाकिस्तान ड्रोन के जरिए हथियार भेज रहा

देश में गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल सीमा पर सेना की पोजीशन जानने या फिर आतंकियों के लिए हथियार और नशीले पदार्थ गिराने के लिए किया जा रहा है।


# दिल्ली में पति के मर्डर की गवाह महिला की हत्या

**हमलावरों ने सिर पर गोली मारी; 2023 में पति की भी गोली मारकर हत्या हुई थी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शालीमार बाग में शनिवार सुबह 52 साल की रचना यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रचना 2023 में अपने पति की हत्या के मामले में मुख्य गवाह थीं। परिवार के मुताबिक, रचना एक पड़ोसी के अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रही थीं। घर के पास हाथ-पैर धोते समय हमलावरों ने उन्हें बेहद नजदीक से सिर पर गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रचना शालीमार बाग की रहने वाली थीं और अपने इलाके की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष भी थीं। इससे पहले, 2023 में रचना के पति और प्रॉपर्टी डीलर बिजेंद्र यादव की आपसी रंजिश में गोली मारकर हत्या की गई थी। बिजेंद्र यादव भलस्वा गांव में एक बेकरी के बाहर दोस्तों के साथ बैठे हुए थे, जब हमलावरों ने उन पर करीब छह राउंड फायरिंग की थी।



## अर्थसार



सेंसेक्स:
83,576.24
-604.72 (0.72%)
निफ्टी:
25,683.30
-193.55

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 15 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 03 डिग्री से0 |
| सूर्योदय मंगलवार | : | 7 : 27 |
| सूर्यास्त सोमवार | : | 5 : 38 |

# नाबालिग शूटर से रेप केस में पुलिस को सबूत मिले

**फरीदाबाद में होटल के सीसीटीवी, स्टाफ के बयान, मोबाइल लोकेशन शिकायत से मेल खा रहे**

एजेंसी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में 17 साल की नेशनल शूटर के यौन शोषण के मामले में आरोपी नेशनल कोच अंकुश भारद्वाज की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। शुरुआती जांच में आरोपी के खिलाफ पुलिस के हाथ कुछ पुख्ता सबूत लगे हैं।

महिला थाना इंचार्ज माया ने बताया कि अभी तक की जांच में शूटर की शिकायत, मौके की स्थिति और टाइमलाइन मेल खा रही है। पीड़ित और आरोपी कोच के बीच की कड़ियां एक दूसरे से मैच कर रही हैं।

पुलिस ने फाइव स्टार होटल के सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। इसमें शूटर के होटल में जाने के फुटेज मिले हैं। आरोपी कोच और लड़की के मोबाइल की लोकेशन भी मैच हुई हैं। दोनों की लोकेशन होटल में एक ही जगह की है। होटल के स्टाफ से भी इस केस को लेकर पूछताछ की है।

6 जनवरी को एनआईटी महिला थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद से कोच अंकुश भारद्वाज फरार है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमें बनाई गई हैं।

**डिजिटल अरेस्ट**

**ठगों ने कहा- आपके अकाउंट में ब्लैक मनी**

# बुजुर्ग एनआरआई कपल को 17 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा : 15 करोड़ लूटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बुजुर्ग नॉन रेजिडेंट इंडियन कपल को 17 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 15 करोड़ रुपए की ठगी की गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ठगों ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडियाऔर प्रवर्तन निदेशालय का अधिकारी बताकर कहा था- आपके खाते में ब्लैक मनी है।

अब उनके पैसे भारतीय रिजर्व बैंक के जरिए वापस किए जाएंगे और पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है। बुजुर्ग कपल ने शनिवार को दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई।

पीड़ित कपल डॉ. ओम तनेजा और उनकी पत्नी डॉ. इंदिरा तनेजा करीब 48 साल तक अमेरिका में रहे और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े रहे। रिटायरमेंट के बाद 2015 में वे भारत लौटे थे और तब से ग्रेटर कैलाश-2 में रह रहे हैं।



77 साल की डॉ. इंदिरा तनेजा ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने दावा किया कि उनके मोबाइल नंबर से आपत्तिजनक कॉल की गई हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि उनके बैंक खातों में काला धन पाया गया है और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है।

### पूरा मामला सिलसिलेवार जानें...

महिला के मुताबिक, यह घटना 24 दिसंबर 2025 से शुरू हुई। साइबर ठगों ने 10 जनवरी की सुबह तक वीडियो कॉल के जरिए दंपती पर लगातार नजर रखी।

इस बीच साइबर ठगों ने उन्हें गिरफ्तारी वारंट और फर्जी आपराधिक मामलों की धमकी दी। कॉल करने वालों ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून जैसे कानूनों का हवाला देते हुए दंपती पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े आरोप भी लगाए।

इसके बाद उन्हें मुंबई में पेश होने के लिए कहा। महिला ने जब उन्हें पति के ऑपरेशन के कारण मुंबई न आने की बात कही तो उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया। महिला ने पुलिस को बताया कि ठग उनकी हर गतिविधि पर नजर रखते थे।

जब भी वह घर से बाहर निकलतीं या किसी को फोन करने की कोशिश करतीं, ठग उनके पति के फोन पर वीडियो कॉल शुरू कर देते थे, ताकि वह किसी को जानकारी न दे सकें। इस दौरान ठगों ने डॉ. इंदिरा पर दबाव डालकर आठ अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कराए।

# मेडिकल डिवाइस पार्क में 22 भूखंड की योजना

## 11 फरवरी तक कर सकते है आवेदन, 1000 से 5940 वर्गमीटर तक के भूखंड

**नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने के इच्छुक कंपनियों के लिए अच्छा मौका है। प्राधिकरण ने 22 भूखंडों की योजना शुरू की गई है। इसमें 12 जनवरी से आवेदन किया जा सकेगा। आखिरी तारीख 11 फरवरी है। यीडा सिटी के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है।




### अब तक 101 भूखंड हो चुके आवंटित

यहां मेडिकल उपकरण से संबंधित कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाने है। अब तक 101 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें से एक कंपनी कार्यशील हो चुकी है। बाकी को मौके पर कब्जा दिया जा चुका है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक 1000, 2100 और 5940 वर्गमीटर के 22 भूखंडों की योजना है। इसमें सबसे ज्यादा 11 भूखंड 1000 वर्गमीटर के हैं। वहीं, 2100 वर्गमीटर के नौ और 5940 वर्गमीटर के दो भूखंड हैं।

### 12 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन

इसमें ऑनलाइन आवेदन 12 जनवरी से किए जा सकेंगे। बता दे मेडिकल डिवाइस पार्क में बनने वाले उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। लॉजिस्टिक्स और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ मेडिकल डिवाइस के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल-मेडिकल डिवाइस (ईपीसी-एमडी) के लिए मोबाइल ऐप बेस्ड डिजिटल आईटी सेटअप तैयार किया जा रहा है।

## भट्टा गांव में रालोद महिला प्रकोष्ठ की बैठक

**जेवर।** जेवर के भट्टा गांव में रविवार को राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश महासचिव (महिला प्रकोष्ठ) अनीता चौधरी ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) रूबी जादौन ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 1 फरवरी को अवध ग्रीन ग्रेटर नोएडा में होने वाले आगामी कार्यक्रम पर चर्चा करना था। इस कार्यक्रम में महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिलबाई इंदिरा और प्रदेश अध्यक्ष पुनीता सिंह के आगमन का प्रस्ताव है। उपस्थित महिलाओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। उन्हें 1 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं अब अपने अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संगठित होकर राष्ट्रीय लोक दल के साथ मजबूती से खड़ी रहेंगी। महिलाओं की जागरूकता, एकजुटता और उत्साह सराहनीय रहा।

## करप्शन फ्री इंडिया के जू थर्ड के सेक्टर अध्यक्ष बनें धर्मेंद्र भाटी



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जू थर्ड में राक्षस रूपी भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं समस्याओं के समाधान हेतु करप्शन फ्री इंडिया संगठन की बैठक हुई।

बैठक में सेक्टर की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए धर्मेंद्र भाटी को अध्यक्ष नियुक्त किया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जू थर्ड में विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु करप्शन फ्री इंडिया संगठन का विस्तार करते हुए सेक्टर निवासी धर्मेंद्र भाटी को सेक्टर जू थर्ड का अध्यक्ष,पवन सिंह को सचिव,मोहित कपासिया को प्रभारी एवं भीष्म कुमार को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

वही नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र भाटी ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन के द्वारा दी गई है उसको पूर्णतय ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निभाएंगे।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन की कोर कमेटी के प्रमुख सदस्य ब्रह्मपाल कपासिया ने बताया कि सेक्टर की सभी समस्याओं के समाधान हेतु ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर संगठन के कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे।

इस दौरान- ब्रह्मपाल कपासिया मास्टर विकल भाटी आनंद कुमार निरंजन भंडारी नीरू कुमार पंडित पीतांबर आचार्य सुदर्शन सिंह अशोक कुमार जितेंद्र कुमार शिवकुमार आदि लोग मौजूद रहें।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा मंदिर में चोरी, दानपात्र खाली

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के श्री वैभव लक्ष्मी मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने मंदिर के दानपात्र से नकदी चुराई और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र में हुई। रात्रि के समय चोर मंदिर में घुसे। उन्होंने दानपात्र के ताले तोड़कर उसमें जमा सारा दान का पैसा चुरा लिया। इसके अलावा, मंदिर में रखी अलमारी को भी खंगाला गया और अन्य सामान भी चोरी किया गया। चोरों ने अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी चुरा ली। सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर का सामान बिखरा पड़ा है और दानपात्र टूटे हुए हैं। इसके बाद मंदिर समिति के सदस्यों को सूचित किया गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बीटा 2 पुलिस ने बताया कि मंदिर से दानपात्र की नकदी और कैमरों की डीवीआर चोरी हुई है।

## जेवर में विद्युत कर्मी करंट से झुलसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार शाम एक संविदा विद्युत कर्मी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, विद्युत विभाग में संविदा कर्मी सुभाष शनिवार शाम गांव रामपुर बांगर में विद्युत लाइन में आए फॉल्ट को ठीक करने के लिए शटडाउन लेकर पहुंचे थे। फॉल्ट सुधार कार्य के दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया, जिससे सुभाष बुरी तरह झुलस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत घायल कर्मी को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, सुभाष को गंभीर जलन के घाव आए हैं और उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस घटना के बाद विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लाइन पर काम करते समय पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों और सतर्कता की आवश्यकता होती है। प्रशासन ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## लीजेंड सुपर स्टार ने जीती सीरीज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित तालडा के ध्रुव क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को लीजेंड सीरीज का फाइनल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक मैच में लीजेंड सुपर स्टार टीम ने लीजेंड डॉमिनेटर्स को 4 विकेट से हराकर सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। विजेता टीम को 5100 रुपये नकद और एक ट्रॉफी प्रदान की गई। लीजेंड कप समिति के सदस्य मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लीजेंड डॉमिनेटर्स की टीम ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 146 रन बनाए। टीम की ओर से रामकुमार ने सर्वाधिक 38 रन बनाए, जबकि रविन्द्र अधाना और आशीष डागर ने 25-25 रनों का योगदान दिया। लीजेंड सुपर स्टार के गेंदबाज जयप्रकाश ने 14 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लीजेंड सुपर स्टार की टीम ने संयमित शुरुआत के बाद आक्रामक खेल दिखाया। देवेंद्र बाबा ने 34 रनों की तेज पारी खेली और प्रमोद शर्मा ने 20 रन जोड़े। टीम ने 18 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। इस मुकाबले में जयप्रकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि रणपाल नागर मैन ऑफ द सीरीज रहे। मैच के दौरान कमल नागर, मनोज मास्टर, इलियास, सरताज और संजय भाटी सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा में युवक पर कार से हमला

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। ड्यूटी से लौट रहे युवक को पहले कार से टक्कर मारी गई, फिर लाठी-डंडों और हथियारों से पीटा गया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना बागपुर गांव के पास हुई। नवादा गांव निवासी योगेंद्र शर्मा के बेटे प्रिंस शर्मा अपनी कंपनी से ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे थे। उन्होंने अपने एक साथी को बागपुर गांव में उतारा था। इसी दौरान बागपुर गांव के पांच आरोपियों ने सामने से तेज रफ्तार कार से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रिंस बाइक से गिरकर घायल हो गए। इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों और हथियारों की बट से उन पर हमला कर दिया। रास्ते से कुछ लोगों को आता देख आरोपी प्रिंस को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष के अनुसार, दो दिन पहले प्रिंस के दोस्त का बागपुर गांव के आरोपियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। प्रिंस ने दोनों पक्षों के बीच बचाव किया था। इसी बात को लेकर आरोपी प्रिंस से रंजिश मान रहे थे और इसी कारण उस पर हमला किया गया। घायल प्रिंस को परिजनों ने ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में रखा है।

## ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ का कैंडल मार्च

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में शनिवार को किसान एकता संघ ने मेरठ के कपसाड गांव में दलित परिवार के साथ हुई घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला और प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने घटना के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की और सरकार तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने इस दौरान कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में गुंडाराज कायम है और गरीब तथा मजलूम लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है। चौधरी सोरन प्रधान ने मांग की कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए, ताकि समाज में न्याय का भरोसा बना रहे। कैंडल मार्च में किसान एकता संघ के कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें श्रीकृष्ण बैंसला, मेहरबान अली, हेमराज बीडीसी, उम्मेद एडवोकेट, अखिलेश प्रधान, डॉ. इमरान खान, डॉ. इरफान खान, जेपी नागर, सल्लन पहलवान, कृष्णा मास्टर, गोलू, गंगाराम, आसिफ उस्मानपुर, परवेज खान, चांद मोहम्मद, सोनू योगी, अनिल नागर, डॉ. दीपक, धर्मेंद्र भाटी, अजय ठाकुर, ओमवीर नागर, कुनाल और रोहित गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# ग्रेटर नोएडा में बंद कमरे में मिला दरोगा का शव

### हृदय गति रुकने से मौत की आशंका, जारचा थाने में तैनात थे

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एक सब-इंस्पेक्टर का शव उनके कमरे में मिला है। आशंका जताई जा रही है कि उनकी मौत हृदय गति रुकने से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। जारचा थाने में तैनात दरोगा संजय यादव रात में गश्त के बाद सुबह करीब 4 बजे अपने कमरे में सोने गए थे। रविवार सुबह 11 बजे होने वाली बैठक में जब वे नहीं पहुंचे, तो उन्हें फोन किया गया। कई बार फोन करने पर भी जब उन्होंने जवाब नहीं दिया, तो थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी उनके आवास पर पहुंचे। दरवाजा खटखटाने पर भी जब वह नहीं खुला, तो उसे तोड़ दिया गया। अंदर संजय यादव अपने बिस्तर पर अचेत अवस्था में मिले और उनकी सांसें नहीं चल रही थीं। तत्काल इसकी सूचना जिले के अन्य अधिकारियों को दी गई। संजय यादव की मृत्यु की खबर से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। संजय यादव 1990 में पुलिस में भर्ती हुए थे। अगस्त 2025 में जारचा थाने में उनकी तैनाती हुई थी। उनकी सेवानिवृत्ति में केवल तीन वर्ष बचे थे। वह मूल रूप से संभल जिले के निवासी थे।



## दनकौर में 12 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में सकल हिंदू समाज द्वारा सोमवार को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में जागरण अभियान तेज हो गया है। इसी कड़ी में रविवार को नवादा गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आमंत्रण पत्र वितरित किए गए और समाज के लोगों से एकजुट होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला गोरक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर ने कहा कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना और देश, समाज व संस्कृति की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने जोर दिया कि आज हिंदू समाज को एकजुट होकर अपने मूल्यों और परंपराओं को सहेजने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सम्मेलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# नोएडा में 15 जनवरी तक स्कूल बंद

### कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों की छुट्टियां बढ़ी, शीतलहर और गलन के कारण आदेश जारी

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में ठंड और कोहरे के कारण नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिले में स्कूलों की छुट्टियां एक बार फिर बढ़ा दी गई हैं। नए साल की शुरुआत से ही गौतमबुद्ध नगर में स्कूल ठंड के कारण अभी तक नहीं खुल पाए हैं।

यह आदेश गौतमबुद्ध नगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने जारी किया है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देश पर लगातार पड़ रही ठंड और कोहरे को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

इससे पहले, स्कूलों की छुट्टियां 10 जनवरी तक बढ़ाई गई थीं। नए आदेश के बाद अब ये छुट्टियां 15 जनवरी तक प्रभावी रहेंगी।

नव वर्ष 2024 शुरू होने के बाद से गौतमबुद्ध नगर में ठंड और कोहरे के कारण स्कूल लगातार बंद हैं।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इन आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। यदि किसी स्कूल द्वारा आदेशों का उल्लंघन कर उसे खोला जाता है, तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### शीतलहर से बढ़ी गलन

मौसम विज्ञानी महेश पलावत ने बताया कि इन दिनों उत्तर-पश्चिमी हवाएं 10-12 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही हैं। जिसकी वजह से गलन बरकरार है। अगले 4-5 दिन तक यही स्थिति बनी रहेगी। इस हफ्ते बारिश होने की संभावना नहीं है। दोपहर में धूप खिली रहेगी, जबकि सुबह और शाम ठंड का असर जारी रहेगा।

### दोपहर में धूप, सुबह-शाम-रात में ठंड

उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते शनिवार को तापमान में 3-6 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। खिली धूप ने ठंड से राहत दी और कोहरे का असर भी कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी इसी तरह का खुशगवार मौसम रहने के आसार हैं। हालांकि सोमवार से एक बार फिर तापमान में कमी के साथ सर्दी दस्तक देगी और अगले कुछ दिनों तक सर्दी का असर बना रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को सुबह तराई क्षेत्र में कहीं-कहीं घना कोहरा रहा तो बाकी जगहों पर भोर में हल्का से मध्यम कोहरा रहा। दिन चढ़ने के साथ ही जल्द ही कोहरे का असर कम हो गया और तेज धूप ने ठंड से काफी राहत दी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हवा की गति और दिशा में हुए परिवर्तन की वजह से प्रदेश में रविवार तक मौसम शुष्क रहेगा।

# ग्रेटर नोएडा में पानी जांच अभियान का तीसरा दिन

## 18 से अधिक सेक्टरों, 80 घरों में हुई रैंडम गुणवत्ता जांच

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा पानी की गुणवत्ता जांचने का अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। एहतियात के तौर पर 18 से अधिक सेक्टरों और गांवों में 80 से ज्यादा स्थानों पर पानी के नमूनों की रैंडम जांच की गई।

जांच टीमों ने तीसरे दिन डेल्टा 1, 2 व 3, ईटा वन व टू, पाई वन, सेक्टर 33, स्वर्णनगरी, थीटा वन, म्यू वन, टू व थ्री, सिग्मा, जैतपुर और साकीपुर के 6 प्लॉट सहित ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आवासीय सोसायटियों में पानी की गुणवत्ता परखी।

टीमों ने टीडीएस मीटर, पीएच और क्लोरीन किट जैसे आवश्यक उपकरण साथ रखे थे। प्रारंभिक जांच में आपूर्ति किए गए पानी के सभी मानक अनुरूप पाए गए।



जांच टीमों ने निवासियों से सीधा संपर्क कर फीडबैक भी लिया। निवासियों ने प्राधिकरण के इस अभियान की सराहना की।

प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और एसीईओ सुमित यादव स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने पूरे शहर में पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एहतियात के तौर पर अलग-अलग जगहों से रैंडम जांच कराने के निर्देश दिए थे। सीईओ के निर्देश पर महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में वर्क सर्किल के अनुसार 8 टीमें गठित की गई हैं।

ये टीमें जलापूर्ति लाइनों में लीकेज, सीवर चोकिंग/ओवरफ्लो और ड्रेन-सीवर-पानी कनेक्शन प्वाइंट्स की गहन जांच कर रही हैं।

रविवार को इस चार दिवसीय अभियान का तीसरा दिन था, जबकि सोमवार को रैंडम जांच अभियान का आखिरी दिन है। इसके अतिरिक्त, श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च लैब की दो टीमें भी रैंडम जांच कर रही हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्वच्छ जलापूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। चार दिवसीय अभियान के बाद भी पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए लगातार कार्य किए जाएंगे।

# बच्चों से छेड़छाड़ का आरोप, वीडियो वायरल

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाई-राइज सोसायटी के पार्क में छोटे बच्चों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी-1 सोसायटी की बताई जा रही है। शुक्रवार को सोसायटी के पार्क में बच्चे खेल रहे थे।

इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और बच्चों के साथ संदिग्ध व्यवहार करने लगा। सोसायटी में लगे सीसीटीवी कैमरों में युवक की हरकतें रिकॉर्ड हो गईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक बच्चों के आसपास मंडराता रहा और उनसे बातचीत करने की कोशिश करता है। आरोप है कि उसने बच्चों के साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोसायटी के निवासियों में गुस्सा फैल गया। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद लोगों ने सोसायटी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। निवासियों का कहना है कि सोसायटी में हर महीने मेंटेनेंस के नाम पर मोटी रकम ली जाती है, जिसमें सुरक्षा शुल्क भी शामिल होता है।

इसके बावजूद किसी बाहरी व्यक्ति का बच्चों के पार्क तक आसानी से पहुंचना चिंताजनक है।

# नोएडा में गूंजी भारतीय नौसेना के बैंड की देशभक्ति धुनें

**नोएडा। वकार सैफी।** सेक्टर-50 स्थित मेघदूतम पार्क में शनिवार शाम देशभक्ति और संगीत का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। नोएडा प्राधिकरण और स्थानीय संस्था मेघदूतम रंगमंच के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय नौसेना के विश्व-प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा बैंड ने अपनी शानदार प्रस्तुति से शहरवासियों का दिल जीत लिया। बता दे कि भारतीय नौसेना का यह प्रतिष्ठित 27 सदस्यीय बैंड ने न केवल पारंपरिक मार्शल संगीत और देशभक्ति गीतों की धुनें बिखेरीं, बल्कि लोकप्रिय बॉलीवुड और पश्चिमी धुनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और युवाओं को भारतीय सेना की अनुशासित जीवनशैली और रचनात्मकता के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में 1,000 से अधिक लोग शामिल हुए। वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) संजय महेंद्रू के प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम ने नोएडा वासियों को भारतीय नौसेना की गौरवशाली परंपराओं को करीब से महसूस करने का मौका दिया। भारतीय नौसेना का यह प्रतिष्ठित बैंड साल भर में केवल 10 चुनिंदा स्थानों पर ही अपनी प्रस्तुति देता है। नोएडा का इस सूची में शामिल होना शहर के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात रही।





# सपा की बड़ी तैयारी : मार्च के पहले सप्ताह में दादरी में विशाल पीडीए भाईचारा रैली

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा। समाजवादी पार्टी (सपा) ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी रणनीति को और मजबूत करने का सिलसिला तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पार्टी मार्च के पहले सप्ताह में गौतम बुद्ध नगर जिले के दादरी में एक विशाल पीडीए भाईचारा रैली का आयोजन करने जा रही है। इस रैली को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव संबोधित करेंगे।

रैली के संयोजक और सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने बताया कि अगस्त 2025 से ही गुर्जर समाज में विशेष राजनीतिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 20 जिलों के लगभग 50 विधानसभा क्षेत्रों में पीडीए चौपालों का सफल आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में मार्च की इस महारैली को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सर्व समाज के लोग शामिल होंगे, लेकिन गुर्जर समाज की भागीदारी खास तौर पर रहेगी।



उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज की अच्छी-खासी जनसंख्या वाले प्रदेश के सभी 142 विधानसभा क्षेत्रों से लोग इस रैली में पहुंचेंगे। यह रैली पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के भाईचारे को मजबूत करने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम होगी।

### सफीपुर गांव में हुई महत्वपूर्ण बैठक

रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज ग्रेटर नोएडा के सफीपुर गांव में एक बड़ी बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के 30 जिलों से जुड़े लगभग 135 विधानसभा क्षेत्रों के गुर्जर समाज के प्रमुख लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता धर्मचंद ने की, जबकि संचालन देवेंद्र टाइगर एडवोकेट ने संभाला।

### बैठक में मौजूद प्रमुख हस्तियां

चौधरी इलम सिंह (मुजफ्फरनगर), उदयवीर सिंह (मेरठ), धर्मवीर खटाना (सहारनपुर),अबू बकर पवार (सहारनपुर),सतीश गुर्जर (मुजफ्फरनगर), तौकीर गुर्जर (अमेठी), उहसीब अहमद (बाराबंकी), तंजील गुर्जर (गोरखपुर), राहुल नागर (अमरोहा), उपदेश गुर्जर (बदायूं), जगपाल भाटी (बरेली) काशी प्रधान (बागपत) कर्मवीर गुमी (मेरठ)भारत सिंह चावड़ा (बुलंदशहर) आनंद गुर्जर (हापुड़) अमित गुर्जर (सहारनपुर) लाला गुर्जर, पहलाद गुर्जर (आगरा) देवेंद्र गुर्जर (फिरोजाबाद) लखन गुर्जर (मथुरा) और अन्य कई सम्मानित नेता।

यह रैली सपा की पीडीए रणनीति का अहम हिस्सा है, जो 2024 लोकसभा चुनाव में सफल साबित हुई थी।

पार्टी अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए गुर्जर समाज पर विशेष फोकस कर रही है। दादरी की यह महारैली न केवल सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगी, बल्कि आगामी चुनावों में सपा के लिए मजबूत संदेश भी देगी।

# दलित बेटी को अगवा करने वाला जेल भेजा गया

## मेरठ में मां की हत्या कर उठा ले गया था; बोला- लड़की अपनी मर्जी से गई थी

**मेरठ।** मेरठ में मां की हत्या कर बेटी को किडनैप करने वाले को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया। रविवार शाम पुलिस स्पेशल सीजेएम विकास सावन की कोर्ट में पारस के बयान दर्ज कराने पहुंची। पारस मफलर से मुंह बांधकर और चादर ओढ़कर कोर्ट पहुंचा।


पारस राजपूत, आरोपी

उसने जज के सामने कहा- मैंने कोई हत्या नहीं की है। मुझे बचा लीजिए। हमारा रिश्ता सच्चा है। रूबी अपने मर्जी से मेरे साथ गई थी। हमारा रिश्ता 3 साल से चल रहा था। हमारा रिश्ता सच्चा है। मैं निर्दोष हूं।

वहीं, रूबी को एसीजेएम- 2 नम्रता की कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे काउंसिलिंग के लिए भेजा गया है। इस दौरान कचहरी परिसर में पुलिस फोर्स तैनात रही। मौके पर सीओ सिविल लाइन अभिषेक और सीओ सरधना आशुतोष भी मौजूद रही। रूबी के गांव में भी फोर्स तैनात है।

वहीं, कपसाड़ गांव में अगवा की गई रूबी के केस में नई कहानी सामने आई है। पकड़े गए युवक पारस के अनुसार, दोनों का 3 साल से अफेयर चल रहा था। हाल ही में रूबी का रिश्ता कहीं और तय हो गया था। इसके बाद दोनों ने घर से भागने का प्लान बनाया। पुलिस ने शनिवार देर शाम सहारनपुर से रूबी और पारस सोम को अरेस्ट किया था। इसके बाद दोनों को मेरठ लाया गया था।


दरअसल, 8 जनवरी (गुरुवार) को लड़की मां सुनीता के साथ खेत जा रही थी। रास्ते में पारस ने उसको रोका। मां ने इसका विरोध किया तो पारस ने गाली-गलौज कर फरसे से हमला कर मां की हत्या कर दी। इसके बाद लड़की को अगवा करके दिल्ली ले गया।

इस घटना के बाद गांव में तनाव बढ़ गया। क्षेत्र का राजनीतिक माहौल और गरमा गया, जब परिवार ने मां का अंतिम संस्कार कराने से इनकार कर दिया था। हालांकि, काफी मान-मनौव्वल पर घरवाले वारदात के 30 घंटे बाद माने। इसके बाद अंतिम संस्कार हो सका।

## बेटे को पिटता देख पिता की हार्टअटैक से मौत

**बाराबंकी।** बाराबंकी में जमीनी विवाद के कारण पिता-पुत्र की मौत हो गई। दो दिन पहले शुक्रवार को बेटे को पिटता देखकर पिता को हार्टअटैक आया था। वहीं बेटा भी मारपीट में गंभीर घायल हो गया था। घर वाले दोनों को अस्पताल ले गए। वहां पिता को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं रविवार को इलाज के दौरान बेटे की भी मौत हो गई। परिजनों ने गांव के 5 लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला सूरतगंज थाना रामनगर क्षेत्र का है। अमराई गांव में शुक्रवार शाम करीब आठ बजे जमीनी विवाद को लेकर हुई कहासुनी हुई थी। देखते-देखते दो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। हमलावरों ने 46 साल के चेतराम को लात-घूसों और लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बेटे को पिटता देखकर पिता रामनाथ को हार्टअटैक आ गया। उनकी भी तबीयत बिगड़ने लगी। वहीं चेतराम भी मारपीट में गंभीर घायल हो गए। मामला बिगड़ता देख हमलावर मौके से भाग गए।

## पुलिस ने साइबर ठगी से बचाने को शहर में चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के समस्त थानों की साइबर क्राइम सेल, पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आम-जनमानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई ।डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें ।

किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।

किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।

## जिले के विकास के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही : डीएम



**ललितपुर।** आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं मा. विधायक सदर रामरतन कुशवाहा द्वारा एक साथ नगर क्षेत्र में संचालित प्रमुख निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एन0एच0ए0आई0 झांसी द्वारा एनएच 44 पर कैलगुवा रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज, सेतु निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में निर्मित शहजाद नदी के दीर्घ सेतु तथा जल निगम (शहरी) द्वारा नगर क्षेत्र आजादपुरा में कराए जा रहे पेयजल पाइप लाइन एवं सड़क पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया और कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं आमजन पर पड़ने वाले प्रभाव की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान विधायक सदर ललितपुर रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जनता की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई, गुणवत्ता में कमी अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एटा में प्रेमी जोड़े को पीट-पीटकर मार डाला

**एटा।** एटा में ऑनर किलिंग हुई है। बीती रात को प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने चोरी छिपे उसके घर पहुंच गया। इसकी भनक लड़की के परिवार वालों को लग गई। परिजनों ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। इसके बाद दोनों को पकड़कर लाठी डंडों और ईट पत्थरों से पीट पीटकर मार डाला। गांव वालों ने शोर शराबा सुनकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजे। वारदात जैथरा थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया सुहागपुर की है। पुलिस ने बताया कि गढ़िया सुहागपुर गांव में दीपक (24) नामक युवक अपनी प्रेमिका शिवानी (19) से मिलने उसके घर पहुंचा था। लड़की के परिजनों ने दोनों को घर के पीछे आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। दोनों को पकड़कर लाठी डंडों व ईंट पत्थरों से जमकर पिटाई कर दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी।

## सड़क सुरक्षा माह में सख्ती : बिना हेलमेट दोपहिया चालकों पर कार्रवाई, 38 के चालान

**पीलीभीत।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रदेश में चल रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा लगातार जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में माह के द्वितीय सप्ताह में नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत रविवार को पीलीभीत में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया ।बरेली मंडल के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रणब झा ने जनपद पीलीभीत पहुंचकर स्थानीय परिवहन अधिकारियों एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं एआरटीओ (प्रवर्तन) बर्डिस चतुर्वेदी के साथ माधौटांडा मार्ग सहित विभिन्न पेट्रोल पंपों पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया।




अभियान के दौरान हेलमेट न लगाने वाले 38 दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील की गई ।संभागीय परिवहन अधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना हेलमेट पहने आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। इसके साथ ही सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित फ्लैक्स बोर्ड लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और



आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मिशन शक्ति की टीमों द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है।

## सरस्वती पूजा का चंदा लेने गए युवक की हत्या

**कासिमाबाद।** गाजीपुर में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह रविवार दोपहर सरस्वती पूजा के लिए घर से चंदा काटने निकला था। शाम को दो साथियों के साथ घर लौट रहा था। तभी बदमाशों ने उसे रोक लिया। बातचीत के दौरान उसके सिर और सीने में गोली मार दी।

गोली लगते ही वह मौके पर ही गिर पड़ा। इसी बीच आरोपी असलहा लहराते हुए बाइक से भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला कासिमाबाद थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि युवक जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था।

बेलसड़ी गांव में राम अवतार राजभर अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके 3 बच्चे थे। बड़ा बेटा दीपक राजभर (22), छोटा बेटा सत्यम और एक बेटी। पिता मिस्त्री का काम करते हैं। दीपक राजनीति करता है।

## तांत्रिक के टुकड़े किए, सिर कुएं में फेंक

**अमेठी।** अमेठी में 4 बदमाशों ने गंडासे से वार करके तांत्रिक का सिर धड़ से अलग किया। फिर सिर को ईंटों से बांधकर कुएं में फेंक दिया था। धड़ को नाले में डाल दिया था। पुलिस ने वारदात के 4 दिन बाद मामले का खुलासा किया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके पास से 4 मोबाइल, मृतक के कपड़े, ईंटें समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। वारदात के दिन धड़ बरामद हो गया था। रविवार को आरोपियों की निशानदेही पर कुएं से सिर निकाला गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मुख्य आरोपी ने कहा- मैं और मेरी मां तांत्रिक से झाड़-फूंक करा रहे थे। बहुत पैसे खर्च हो गए, लेकिन तबीयत बिगड़ती चली गई। तांत्रिक लगातार पैसे मांग रहा था, न देने पर जिन्न छोड़ने की धमकी दी। इसी से परेशान होकर बहाने से उसे बुलाकर मार डाला। मामला जायस थाना क्षेत्र का है। 8 जनवरी की सुबह जायस थाना क्षेत्र के मोजमगंज पुल के पास प्रतापगढ़ निवासी व्यवसायी और तांत्रिक विजय सिंह का धड़ नाले के किनारे मिला था। सिर का पता नहीं चला था। घटना के बाद एसपी के निर्देश पर एसओजी, सर्विलांस समेत पुलिस की 4 टीमें हत्यारों की तलाश में लगाई गई थीं। पुलिस ने जांच शुरू की तो 4 लोगों के नाम सामने आए। इसी आधार पर घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपी राजन सोनकर उर्फ निरहू, सौरभ सोनकर, प्रदीप उर्फ तूफानी सोनकर और अजय सोनकर को गिरफ्तार किया गया।

## सड़क सुरक्षा माह : ललितपुर में ट्रैफिक पुलिस का जागरूकता अभियान

**ललितपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन के थाना पुलिस द्वारा गांव-गांव जाकर एवं जनचौपाल के माध्यम से ग्रामिणों/ वाहन चालकों/आम जनमानस को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा ग्रामिओं/ वाहन चालकों / आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में निम्नलिखित जानकारियाँ प्रदान की गई। दो-पहिया वाहन पर दोनों सवारियों के लिए हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य है। चार-पहिया वाहन में चालक सहित सभी सवारियों के लिए सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है ।दो पहिया वाहन पर तीन




सवारी न बैठाने के नियम का पालन। रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील ।कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें। वाहन चलाते समय हेडलाइट, फॉग लाइट प्रयोग करें ।वाहन पर रिफ्लेक्टर लगाएँ, ताकि अंधेरे या कम रोशनी में अन्य चालक आपको आसानी से देख सके और दुर्घटना से बचाव हो। हाई बीम का अनावश्यक उपयोग न करें तथा दृश्यता कम होने पर सावधानीपूर्वक वाहन संचालित करें।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के संबंध में विशेष अपील

नशे की हालत में वाहन चलाना की स्थिति में चालक के साथ-साथ अन्य राहगीरों का जीवन भी खतरे में पड़ सकता है तथा ऐसा करना गंभीर अपराध है जिसके लिए कानून में कठोर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। अत: सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि नशे की स्थिति में वाहन बिल्कुल न चलाएँ। राहवीर बनें-सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को हादसे के पहले 60 मिनट में अस्पताल पहुँचाकर राहवीर बनें और 25,000 पुरस्कार पाएं। मदद करने वाले राहवीर को पुलिस पूछताछ और कानूनी परेशानियों से सुरक्षा दी जाती है। अस्पताल, घायल व्यक्ति की सूचना पुलिस को देती है, और सत्यापन के बाद जिलाधिकारी के अनुमोदन के पश्चात पुरस्कार सीधे राहवीर के बैंक खाते में जमा किया जाता है।

# प्रेमी संग भागी लड़की को पीटकर मार डाला, लाश जलाई

## कासगंज पुलिस ने चिता पर पानी डाल उठाई हड्डियां, मां-बाप घर से भागे

कासगंज। यूपी के कासगंज में रविवार को ऑनर किलिंग का मामला सामने आया। यहां प्रेमी संग भागी लड़की को उसके घरवालों ने पीट कर मार डाला। इसके बाद उसकी लाश जला दी। इसका पता चलते ही प्रेमी के भाई ने पुलिस को खबर दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी डालकर चिता की आग बुझाई। इसके बाद बचे अवशेष निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। इस बीच लड़की के माता-पिता मौके से भाग गए। मामला ढोलना थाना क्षेत्र का है।

### पढ़िए पूरा मामला...

ढोलना के एक गांव में 16 साल की लड़की रहती थी। लड़की गांव के ही एक सरकारी स्कूल से 5वीं तक की पढ़ाई करने के बाद घर पर रहने लगी थी। वह माता-पिता की खेती के कामों में मदद करती थी। लड़की का अपने घर से 500 मीटर दूर रहने वाले सचिन से अफेयर चल रहा था। सचिन सरकारी स्कूल से 8वीं तक पढ़ा है। इसके बाद वह नोएडा में रहकर नौकरी करने लगा था। वह नोएडा से 6 दिन पहले ही घर आया था। शुक्रवार को लड़की सचिन के साथ भाग गई थी।

शनिवार शाम लड़की के घरवालों ने दोनों को आगरा से पकड़ लिया। इसके बाद वे लोग दोनों को घर लेकर वापस आए।

फिर दोनों को गांव में ही 100 मीटर दूर बने अलग-अलग घरों में बंद कर उनकी जमकर पिटाई की। इस पिटाई में लड़की की मौत हो गई।

## आजमगढ़ में डॉक्टर के साथ गाली गलौज

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में जिले के मंडलीय अस्पताल में कार्यरत आर्थो के डॉक्टर विनोद कुमार ने गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में डॉक्टर विनोद कुमार ने आरोप लगाया है कि मंडलीय अस्पताल में मेरे आवास के बगल में जावेद अख्तर और मोहम्मद अख्तर का मकान है। यह दोनों लोग आए दिन शराब पीकर नशे में पूरी रात गाली गलौज करते हैं। आरोपी की हरकतों का जब विरोध किया जाता है तो आरोपी जान से मारने की भी धमकी देते हैं। एक दिन पूर्व भी जब आरोपी अपने घर में तेज डीजे की धुन पर पार्टी कर रहे थे। डॉक्टर ने जब इन आरोपियों को डीजे धीरे करने को कहा तो आरोपी गाली गलौज करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी भी देने लगे। इससे पहले भी कई बार आरोपी इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। डॉक्टर की तहरीर पर इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी के अपराध की भी समीक्षा कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### नोजल नकटा बॉर्डर परियोजना को लेकर धरना समाप्त, जिलाधिकारी ने किया स्थल निरीक्षण

पीलीभीत। इंडो-नेपाल सीमा से सटे ग्राम नोजल नकटा में चल रहे धरने को जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद समाप्त करा दिया गया। रविवार को जिलाधिकारी ने पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान के साथ गांव का दौरा किया और धरना दे रहे ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं ।दौरे के दौरान जिलाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण किया तथा सिंचाई विभाग के अभियंताओं से प्रस्तावित परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने मौके से ही प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग से दूरभाष पर वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया ।इसके बाद ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा धरना समाप्त कर दिया गया। इससे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा परियोजना के संबंध में प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग को पत्र के माध्यम से भी जानकारी दी जा चुकी है ।बताया गया कि पूरनपुर विधायक एवं सांसद द्वारा भी उच्च स्तर पर परियोजना की स्वीकृति के लिए पत्राचार एवं वार्ता की जा रही है।

### पत्नी की ज़्यादा योग्यता गुज़ारा भत्ता में रुकावट नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी पत्नी को सिर्फ़ इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुज़ारा भत्ता देने से मना नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह बहुत ज़्यादा पढ़ी-लिखी है या उसके पास वोकेशनल स्किल्स हैं। क्योंकि इससे यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि याचिकाकर्ता पत्नी पैसे कमाने के लिए काम कर रही है। जस्टिस गरिमा प्रसाद की कोर्ट ने यह भी कहा कि पति का अपनी पत्नी का कानूनी तौर पर भरण-पोषण करने की ज़िम्मेदारी से बचने के लिए सिर्फ़ उसकी योग्यता (क्वालिफिकेशन) पर निर्भर रहना गलत है। कोर्ट ने कहा कि पत्नी की सिर्फ़ कमाने की क्षमता असल में नौकरी करके पैसे कमाने से अलग है। कोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह कई महिलाओं की सच्चाई है, जो अपनी पढ़ाई-लिखाई के बावजूद, सालों तक घरेलू काम और बच्चों की देखभाल की ज़िम्मेदारियों के बाद नौकरी पर लौटने में मुश्किल महसूस करती हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुए बेंच ने बुलंदशहर के एडिशनल प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया, जिसमें पति से गुज़ारा भत्ता मांगने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत पत्नी की अर्जी खारिज कर दी गई थी।

### सहारनपुर में बस ने बाइक को रौंदा...2 की मौत

**सहारनपुर।** सहारनपुर के थाना मिर्जापुर क्षेत्र के विकासनगर हाईवे पर रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो छात्रों की जान चली गई। ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे गांव शाहपुर गाड़ा निवासी आर्यन (14) और दीपक (17) को पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। हादसे में आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दीपक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया, जबकि परिचालक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। हादसा मिर्जापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव जाटोवाला के पास विकासनगर हाईवे पर रविवार शाम करीब सात बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, आर्यन और दीपक बाइक से बेहट से ट्यूशन पढ़कर अपने गांव शाहपुर गाड़ा लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पीछे से आ रही बस ने आगे निकलने के प्रयास में उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों छात्र सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान आर्यन बस के पहियों के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### हाईकोर्ट की प्रदेश की नौकरशाही पर गंभीर टिप्पणी

**प्रयागराज**। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नौकरशाही की मनमानी पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा है कि पारंपरिक नौकरशाही में नैतिकता की एक मौलिक कमी यह है कि यह नैतिकता को प्रशासन के रोज़मर्रा के कामकाज का अभिन्न अंग न मान उसे बाहरी वस्तु मानती है। सरकार के विधायी विंग द्वारा सिविल सेवकों को दिये गये विवेकाधिकार का इस्तेमाल,अड़चन पैदा करने के बजाय,नीति और कानून के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा जहां प्रशानिक निर्णय तर्कहीन, अपमानजनक व मनमाने हैं,अदालतों को हस्तक्षेप करने के अपने अधिकारों को फिर से स्थापित करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। दूसरे शब्दों में कहें ,अदालतें, कानून के शासन के गारंटर के रूप में कार्य करने के बजाय, इस दायित्व को कार्यकारी शाखा को सौंप रही हैं, ताकि राज्य नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। किंतु नौकरशाही सहयोग नहीं कर रही। कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव (गृह) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और कहा है कि यदि आदेश पालन में कोई कानूनी बाधाएं हैं, तो उनका खुलासा करे।

### थाने में पति को कुर्सी पर बैठा देख भड़की पत्नी

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के घुड़ियाबाग क्षेत्र में रविवार देर शाम नगर संकीर्तन के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के एक नेता और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि भाजपा युवा मोर्चा नेता गौरांग तिवारी ने सार्वजनिक स्थान पर पत्नी के साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर देहली गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई। थाना प्रभारी कार्यालय में गौरांग तिवारी को कुर्सी पर बैठाकर पूछताछ की जा रही थी। पत्नी और उसकी मां कार्यालय के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान पत्नी मोबाइल से वीडियो बनाते हुए कार्यालय में पहुंच गई। पति को कुर्सी पर बैठा देख उसका पारा चढ़ गया और उसने थाने में जमकर हंगामा किया। पत्नी का आरोप था कि गौरांग ने उसके साथ खुलेआम मारपीट की, इसके बावजूद पुलिस उसे हवालात में बंद करने के बजाय कुर्सी पर बैठाकर बातचीत कर रही है। इसी बात को लेकर वह भड़क गई। पास में खड़ी उसकी मां भी आपा खो बैठीं और थाना प्रभारी कार्यालय में चप्पल दिखाते हुए हंगामा किया।

### कौशांबी में बेटे ने मां की पीट-पीटकर हत्या की

**कौशांबी।** कौशांबी में शराब के नशे में धुत एक बेटे ने मां की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे की है। घटना भरवारी कस्बे के पुरानी बाजार इलाके की है। यहां निवासी गुड्डू उर्फ याकूब (40) शराब का आदी बताया जा रहा है। रविवार की शाम रोजाना की तरह उसने अपनी मां आयशा (80) से किसी बात को लेकर विवाद किया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी बेटे ने अपनी मां के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के कुछ लोग घर के अंदर पहुंचे और बुजुर्ग महिला को बचाने का प्रयास किया। मोहल्ले वालों के बीच-बचाव के बाद भी आरोपी शांत नहीं हुआ। आरोप है कि इसके बाद उसने घर का दरवाजा बंद कर अपनी मां को बेरहमी से पीटता रहा। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर भरवारी चौकी और कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही पुलिस अधीक्षक कौशांबी राजेश कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए।

### 50 साल पुरानी मजार पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** बलरामपुर में प्रशासन ने रविवार को संरक्षित वन भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उदईपुर गांव के कोल्हुआ स्थित जंगल क्षेत्र में बनी 50 साल से अधिक पुरानी एक मजार को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। यह कार्रवाई वन विभाग की शिकायत पर देहात कोतवाली पुलिस के सहयोग से की गई। प्रशासन का कहना है कि संबंधित मजार संरक्षित वन क्षेत्र की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित थी। मामले की जांच और अभिलेखों के सत्यापन के बाद इसे अनाधिकृत घोषित किया गया, जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई। क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री ने बताया कि मजार वर्षों पूर्व वन भूमि पर कब्जा कर बनाई गई थी। सभी तथ्यों, दस्तावेजों और कानूनी पहलुओं की गहन जांच के बाद ही यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है और किसी भी तरह के विरोध की स्थिति में कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्जेंटीना की अदालत से वेनेजुएला के लोगों को उम्मीद

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** अर्जेंटीना की एक संघीय अदालत ने गुरुवार को वेनेजुएला के नेशनल गार्ड के सदस्यों द्वारा किए गए मानवता के खिलाफ कथित अपराधों की जांच जारी रखने के लिए न्यायपालिका को आदेश दिया। कोर्ट ने एक पूर्व अधिकारी की अपील को खारिज कर दिया, जिसने तर्क दिया था कि अर्जेंटीना के पास वेनेजुएला के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। न्यायाधीशों ने मांग की है कि अर्जेंटीना सार्वभौमिक क्षेत्राधिकार के सिद्धांत के तहत मामले को आगे बढ़ाए, जिसके तहत किसी भी राष्ट्रीयता के मानवाधिकार उल्लंघनकर्ताओं पर किसी भी देश में आरोप लगाया जा सकता है, चाहे अपराध कहीं भी किए गए हों।

### पाकिस्तान में इमरान खान समर्थक की पुलिस की कार्रवाई में मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के खिलाफ सेना और सरकार की दमनपूर्वक कार्रवाई जारी है। ताजा घटना में पंजाब पुलिस की कार्रवाई में एक पीटीआई समर्थक की मौत हो गई है। पीटीआई ने यह दावा किया है। दरअसल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पीटीआई विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। उससे पहले पंजाब पुलिस की कार्रवाई में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के एक समर्थक की गुरुवार को मौत हो गई, जबकि दर्जनों अन्य को गिरफ्तार किया गया। हालांकि पंजाब पुलिस ने किसी को भी गिरफ्तार करने से इनकार किया और यह भी कहा कि खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के समर्थक की मौत में उसकी कोई भूमिका नहीं है। खान की पार्टी ने दो साल पहले आम चुनावों में 'चुराए गए जनादेश' के विरोध में 8 फरवरी को एक बड़े प्रदर्शन की घोषणा पहले ही कर दी है। इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं, जब उन्हें पहली बार गिरफ्तार किया गया था। अप्रैल 2022 में उनकी सरकार गिरने के बाद खान के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं।

### मुनीर से मिले बांग्लादेशी वायुसेना प्रमुख, द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर की चर्चा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बांग्लादेश के वायुसेना प्रमुख हसन महमूद खान ने गुरुवार को पाकिस्तान के मुख्य रक्षा बल प्रमुख (सीडीएफ) आसिम मुनीर से मुलाकात कर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा की। यह बैठक रावलपिंडी स्थित जनरल हेडक्वार्टर्स में हुई। बैठक में आपसी हितों से जुड़े मुद्दों, क्षेत्रीय सुरक्षा हालात और रक्षा व सैन्य सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों ने पाकिस्तान और बांग्लादेश की सशस्त्र सेनाओं के बीच पेशेवर सहयोग, प्रशिक्षण आदान-प्रदान और रक्षा संबंधों को और सुदृढ़ करने के महत्व पर जोर दिया। वहीं, मुनीर ने बांग्लादेश के साथ दीर्घकालिक और मजबूत रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने के प्रति पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई। हसन महमूद खान ने इस्लामाबाद स्थित नौसेना मुख्यालय में पाकिस्तान के नौसेना प्रमुख नवीद अशरफ से भी मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और द्विपक्षीय नौसैनिक सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।

### विवेक रामास्वामी के परिवार का बॉडीगार्ड ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल के रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी के परिवार का बॉडीगार्ड ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बेलेफॉन्टेन के 43 वर्षीय जस्टिन साल्सबरी और उनकी पत्नी रूथएन रैंकिन पर पिछले महीने के आखिर में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी की साजिश रचने और उन्हें रखने का आरोप लगाया गया था। रामास्वामी ओहायो राज्य के गवर्नर पद का चुनाव लड़ रहे हैं। रामास्वामी की प्रचार टीम ने एक बयान जारी कर बताया कि साल्सबरी को रामास्वामी परिवार द्वारा सुरक्षा सेवाओं के लिए हायर की गई एक प्राइवेट सिक्योरिटी फर्म ने नौकरी पर रखा था। फिलहाल मामले की जानकारी मिलते ही उसे परिवार की सुरक्षा टीम से तुरंत हटा दिया गया है।

### ट्रंप ने फिर अलापा वही पुराना बेसुरा राग

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म कराने का दावा किया है। ट्रंप अब तक करीब 70 बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोका था। ट्रंप ने गुरुवार को एक अमेरिकी चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने आठ युद्ध, साढ़े आठ युद्ध रोके, क्योंकि थाईलैंड और कंबोडिया ने फिर से लड़ना शुरू कर दिया था।' उन्होंने कहा कि थ्योरी के हिसाब से हर युद्ध रोकने के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने कहा, 'कुछ युद्ध 30 साल से चल रहे थे। भारत, पाकिस्तान बड़े युद्ध के लिए तैयार थे। और ये दोनों परमाणु देश हैं। मैंने उसे रुकवाया। आठ विमान गिराए गए थे। यह एक बड़ा मामला था।'

# अमेरिकी राष्ट्रपति, तुम्हारा भी पतन होगा

## खामेनेई ने ट्रंप को ललकारा, फिरौन और निमरोद का जिक्र





**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ट्रंप पर दुनिया को अहंकार के साथ परखने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि इतिहास में ऐसे घमंडी और अत्याचारी शासक अपने सत्ता-शिखर पर ही पतन का शिकार हुए हैं। एक्स पर जारी पोस्ट में खामेनेई ने कहा कि इतिहास गवाह है- फिरौन, निमरोद और ईरान के पूर्व शाह मोहम्मद रजा पहलवी जैसे शासकों का अंत तब हुआ, जब वे अपने घमंड की चरम अवस्था में थे।

खामेनेई ने लिखा- 'अमेरिकी राष्ट्रपति जो पूरी दुनिया के बारे में घमंड से फैसले करते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि दुनिया के तानाशाहों और घमंडी शासकों का पतन तब हुआ जब वे अपने घमंड के चरम पर थे। तुम्हारा भी पतन होगा।' खामेनेई के बयान में धार्मिक और ऐतिहासिक प्रतीकों का संदर्भ था- फिरौन को इस्लामी और बाइबिल परंपराओं में अत्याचार के प्रतीक के रूप में देखा जाता है; निमरोद को अब्राहमिक ग्रंथों में निरंकुश शासक माना जाता है; मोहम्मद रजा पहलवी को 1979 की इस्लामी क्रांति में सत्ता से बेदखल कर दिया गया था और जिनकी बाद में निर्वासन में मृत्यु हुई।

**फिरौन, निमरोद कौन थे? :** फिरौन मिस्र के प्राचीन बादशाहों की एक उपाधि थी, जैसे आज राजा या सम्राट कहते हैं। लेकिन कुरान और बाइबल में जब फिरौन का जिक्र आता है, तो ज्यादातर मामलों में वह हजरत मूसा के समय का मिस्र का वह क्रूर बादशाह होता है। वह खुद को खुदा/भगवान घोषित करता था। बनी इसराइल (यहूदियों) पर बहुत जुल्म करता था। उनके नवजात बेटों को मार डालने का हुक्म देता था। आखिर में लाल सागर में डूबकर मर गया।

निमरोद बाबुल/इराक (मेसोपोटामिया) का एक बहुत शक्तिशाली और अत्याचारी बादशाह था। वह हजरत इब्राहीम के समय का शासक माना जाता है। उसने भी खुद को खुदा घोषित किया था। हालांकि कुरान में उसका नाम स्पष्ट रूप से नहीं लिया गया, लेकिन सूरह अल-बकरह में वर्णित वह बादशाह जिसने इब्राहीम से खुदाई के बारे में बहस की थी, उसे इसी निमरोद से तस्सूर किया जाता है। इस्लामी रिवायतों में कहा जाता है कि उसकी मौत एक छोटे से मच्छर के काटने से हुई, जो उसके दिमाग में घुस गया था (अत्यंत छोटी चीज से बहुत बड़े अहंकारी का अंत)।

**रजा पहलवी फिर सुर्खियों में :** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी एक बार फिर चर्चा में हैं। वे ईरान के आखिरी शाह- मोहम्मद रजा पहलवी के पुत्र हैं। हालांकि वह जमीनी स्तर पर प्रदर्शनों का नेतृत्व नहीं कर रहे, फिर भी इस्लामी गणराज्य के मुखर आलोचक के तौर पर उन्होंने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में लगातार बयान दिए हैं।

हालिया उथल-पुथल के दौरान रजा पहलवी ने ईरानियों से शांतिपूर्ण प्रतिरोध जारी रखने की अपील की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहा कि वह शासक धार्मिक प्रतिष्ठान के बजाय ईरानी जनता का साथ दे। उन्होंने प्रदर्शनों को किसी एक नेता या विचारधारा से जुड़ी पहल नहीं, बल्कि आर्थिक बदहाली, दमन और दशकों से अधूरे वादों से उपजी जनआंदोलन बताया।

एक्स पर जारी एक वीडियो संदेश में रजा पहलवी ने कहा कि वह गुरुवार रात को सड़कों पर उतरे हर व्यक्ति पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने लोगों से शुक्रवार रात फिर से बड़ी संख्या में बाहर निकलने का आह्वान किया और कहा कि भीड़ जितनी बड़ी होगी, दमनकारी ताकतें उतनी ही कमजोर पड़ेंगी। इंटरनेट पाबंदियों के बावजूद सड़कों पर डटे रहने का उन्होंने भरोसा जताया और कहा जीत आपकी होगी।

**कड़ा दमन, बढ़ता तनाव :** दूसरी ओर, ईरान ने संकेत दिए हैं कि सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे- यह ट्रंप की उस सार्वजनिक प्रतिबद्धता के उलट है, जिसमें उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के समर्थन की बात कही थी। एपी के अनुसार, हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 62 हो गई है।तेहरान में अपने परिसर में समर्थकों को संबोधित करते हुए खामेनेई ने कहा कि प्रदर्शनकारी अपनी ही सड़कों को नुकसान पहुंचा रहे हैं ताकि अमेरिका के राष्ट्रपति को खुश कर सकें, और कहा कि ट्रंप को अपने देश की हालत पर ध्यान देना चाहिए। ईरान के न्यायपालिका प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी-एजेई ने चेतावनी दी कि प्रदर्शनकारियों को निर्णायक, अधिकतम और बिना किसी कानूनी रियायत के सजा दी जाएगी।



### अब ट्रंप के निशाने पर मेक्सिको, बोले- ड्रग तस्करी नेटवर्क तबाह करने के लिए जमीनी हमले करेंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर अब मेक्सिको है। ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही क्षेत्र में ड्रग तस्करी नेटवर्क को खत्म करने के लिए जमीनी हमले की कार्रवाई शुरू करेगा। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह देखना बहुत ही दुखद है। यह अमेरिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं।'

**'पानी के बाद अब ड्रग तस्करी के खिलाफ जमीनी हमले करेंगे' :** ट्रंप ने कहा, 'हमने पानी के रास्ते से होने वाली ड्रग तस्करी को 97 फीसदी तक खत्म कर दिया है और अब हम कार्टेल के सफाए के लिए जमीनी कार्रवाई शुरू करने जा रहे हैं।' हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने ड्रग कार्टेल से निपटने के लिए मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबॉम के साथ अमेरिकी सैन्य मदद की संभावना पर बात की और चेतावनी दी कि मेक्सिको को अपनी स्थिति सुधारनी होगी। पिछले साल भी ट्रंप ने कहा था कि वह ड्रग तस्करी से निपटने के लिए मेक्सिको में अमेरिकी सेना और खुफिया अधिकारियों को भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

**'अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं' :** द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम ने ट्रंप के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। वेनेजुएला के राष्ट्रपति को पकड़ने के बाद उन्होंने कहा था कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। लैटिन अमेरिका का इतिहास साफ और जबरदस्त है, दखलअंदाजी से न कभी लोकतंत्र आया, न कभी खुशहाली आई और न ही स्थायी स्थिरता मिली।

ट्रंप ने कहा कि उन्होंने वेनेजुएला पर हमलों का दूसरा चरण रद्द कर दिया है। हालांकि सुरक्षा और संरक्षा के उद्देश्य से सभी जहाज अपनी जगह पर तैनात रहेंगे। वेनेजुएला शांति के संकेत के तौर पर बड़ी संख्या में राजनीतिक कैदियों को रिहा कर रहा है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और समझदारी भरा कदम है।

## इटली प्रधानमंत्री बोलीं- यूरोप को रूस से बातचीत शुरू करना चाहिए



**रोम , एजेंसी।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शुक्रवार को कहा कि यूरोप को अब रूस के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशों में यूरोप को दोनों पक्षों से बात करनी चाहिए, सिर्फ एक तरफ से बात करने से उसका योगदान सीमित रह जाएगा।मेलोनी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की बात से सहमति जताई। उन्होंने हाल ही में कहा था कि यूरोप को रूस के साथ जुड़ाव बढ़ाना चाहिए, जिससे यूक्रेन में चल रहे लगभग चार साल पुराने युद्ध को समाप्त करने में मदद मिल सके। मेलोनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैक्रों सही हैं। अब समय आ गया है कि यूरोप भी रूस से बात करे। अगर यूरोप सिर्फ एक पक्ष से बात करके इस बातचीत में हिस्सा लेगा, तो मुझे डर है कि हमारा योगदान बहुत कम रह जाएगा।

नवंबर से युद्ध खत्म करने की बातचीत तेज हो गई है, लेकिन रूस ने अभी तक कोई बड़ा समझौता करने की इच्छा नहीं दिखाई है। यूक्रेन ने अमेरिका के शुरुआती प्रस्ताव में बदलाव की मांग की है। मेलोनी ने सुझाव दिया कि यूरोपीय संघ को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सीधे बात करने के लिए एक विशेष दूत नियुक्त करना चाहिए।

अमेरिका ने नवंबर में प्रस्ताव दिया था कि रूस को फिर से ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) में शामिल किया जाए और पुराना जी8 फॉर्मेट बहाल किया जाए। हालांकि, मेलोनी ने इसे जल्दबाजी बताया। उन्होंने कहा कि रूस को जी7 में वापस लाने की बात करना अभी जल्दबाजी होगी। इसके अलावा, मेलोनी ने दोहराया कि इटली यूक्रेन में किसी शांति समझौते की गारंटी के लिए सैनिक नहीं भेजेगा। फ्रांस और ब्रिटेन ने पिछले महीने यूक्रेन में बहुराष्ट्रीय सेनाओं की तैनाती पर सहमति जताई है।

## खामेनेई की फोटो जलाकर उसकी आग से सिगरेट सुलगा रहीं, ईरानी महिलाओं का अनोखा प्रदर्शन



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में हाल के दिनों में विरोध प्रदर्शन के दौरान नया रूप देखने को मिला है, जहां महिलाएं सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की तस्वीरों को जलाकर उसकी आग से सिगरेट सुलगा रही हैं। यह ट्रेंड सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है, जो देश में जारी आर्थिक संकट, महंगाई, कमजोर मुद्रा और सरकारी दमन के खिलाफ जनता के गुस्से को दर्शाता है। दिसंबर 2025 के अंत से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब खामेनेई के शासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर नारे लगाए, सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और इंटरनेट-टेलीफोन ब्लैकआउट के बावजूद अपना विरोध जारी रखा।

महिलाओं की ओर से सिगरेट जलाने वाला कदम प्रतीकात्मक है, क्योंकि ईरान में सुप्रीम लीडर की तस्वीर जलाना गंभीर अपराध माना जाता है। महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी सामाजिक-धार्मिक नियमों के तहत प्रतिबंधित है। यह कदम 2022 में महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद शुरू हुए 'महिला, जीवन, आजादी' आंदोलन की निरंतरता भी दर्शाता है। तब महिलाओं ने हिजाब जलाकर और बाल काटकर विरोध जताया था, लेकिन अब यह और ज्यादा सत्ता को चुनौती दे रहा है।

अयातुल्लाह अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों को विदेशी ताकतों का एजेंट करार दिया है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसा के खिलाफ सख्त चेतावनी दी है। ये प्रतीकात्मक कृत्य महिलाओं की व्यक्तिगत स्वतंत्रता, हिजाब नियमों और पूरे धार्मिक शासन के खिलाफ खुली बगावत का प्रतीक बन गए हैं, जो सोशल मीडिया के जरिए वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। ईरान में यह नया विरोध रूप आर्थिक संकट और सामाजिक प्रतिबंधों के बीच जनता की बढ़ती बेचैनी को उजागर करता है।

**ईरान की महिलाएं क्या संदेश देना चाह रही हैं? :** इस सवाल का जवाब दो अलग-अलग नियम से जोड़ता है। पहला ये कि ईरान के कानून के तहत सर्वोच्च नेता की तस्वीरें जलाना एक गंभीर अपराध माना जाता है। जबकि दूसरा, देश के कई हिस्सों में महिलाओं के धूम्रपान पर वर्षों से प्रतिबंध लगा हुआ है। ऐसे में इन दोनों कामों को एक साथ अंजाम देना और अनिवार्य हिजाब नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाकर प्रदर्शनकारी महिलाएं सत्ता के साथ-साथ कठोर सामाजिक प्रतिबंधों के खिलाफ भी आवाज उठा रहीं हैं।

## नेतन्याहू को करो किडनैप, पाक के रक्षा मंत्री के बयान पर बवाल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक टीवी इंटरव्यू के दौरान इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में खलबली मचा दी है। आसिफ ने अमेरिका और तुर्की से अपील की कि वे नेतनयाहू को किडनैप (अपहरण) कर लें और गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई के लिए उन पर मुकदमा चलाएं।

जियो न्यूज पर पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर के साथ बातचीत करते हुए ख्वाजा आसिफ ने नेतनयाहू को मानवता का सबसे बुरा अपराधी करार दिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट का भी हवाला दिया।

आसिफ ने कहा, 'नेतनयाहू सबसे वांटेड अपराधी हैं। अमेरिका को उनका अपहरण कर लेना चाहिए और उन पर मुकदमा चलाना चाहिए। यदि अमेरिका वास्तव में मानवता का मित्र है, तो वह ऐसा ही करेगा।'

आसिफ ने हाल ही में अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी का उदाहरण देते हुए कहा कि अमेरिका को नेतनयाहू के खिलाफ भी वैसी ही कार्रवाई करनी चाहिए। जब हामिद मीर ने तुर्की द्वारा उन्हें हिरासत में लेने की संभावना पूछी तो आसिफ ने कहा, 'तुर्की भी उन्हें अगवा कर सकता है और हम पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं।'

इंटरव्यू में तनाव तब बढ़ गया जब ख्वाजा आसिफ ने उन देशों को सजा देने की बात छेड़ी जो नेतनयाहू का समर्थन कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके शब्दों का इशारा स्पष्ट रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर था। आसिफ ने जैसे ही कहा, 'जो लोग उनका (नेतनयाहू का) समर्थन कर रहे हैं, कानून उनके बारे में क्या कहता है।' हामिद मीर ने उन्हें बीच में ही टोक दिया।

**हामिद मीर ने तुरंत लिया कमर्शियल ब्रेक :** हामिद मीर ने बीच में टोकते हुए कहा, 'ख्वाजा साहब, आप पाकिस्तान के रक्षा मंत्री हैं। आपकी बातें सुनकर कई लोग सोच सकते हैं कि आप डोनाल्ड ट्रंप के बारे में बात कर रहे हैं। मुझे नहीं पता आप किसका जिक्र कर रहे हैं, इसलिए मैं ब्रेक ले रहा हूं।' ब्रेक के बाद जियो न्यूज ने घोषणा की कि आसिफ अब शो का हिस्सा नहीं रहेंगे। माना जा रहा है कि यह पाकिस्तान सरकार की ओर से 'डैमेज कंट्रोल' की कोशिश थी।

**पाकिस्तान की कूटनीतिक मजबूरी :** यह विवाद ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने संबंधों को सुधारने की कोशिश कर रहा है। भारत के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पैदा हुए तनाव के बीच पाकिस्तान अपनी विदेश नीति को लेकर बेहद सतर्क है। हाल के हफ्तों में पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की है और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार देने तक का समर्थन किया है। पाकिस्तान इजरायल को मान्यता नहीं देता है और गाजा में सैन्य अभियानों का कड़ा विरोध करता रहा है।

## तारिक रहमान बने बीएनपी के नए अध्यक्ष, खालिदा जिया के निधन के बाद पार्टी ने लिया फैसला



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। पार्टी की राष्ट्रीय स्थायी समिति ने सर्वसम्मति से तारिक रहमान को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी अध्यक्ष रहीं खालिदा जिया के लंबे इलाज के बाद निधन के कुछ ही दिनों बाद लिया गया है।बीएनपी अध्यक्ष का पद खालिदा जिया के निधन के बाद रिक्त हो गया था। वह बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं और पार्टी की सबसे प्रभावशाली नेता मानी जाती थीं। पार्टी संविधान के तहत इस पद को भरने के लिए राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक बुलाई गई, जिसमें तारिक रहमान के नाम पर मुहर लगी।

**17 साल बाद स्वदेश लौटे थे तारिक रहमान :** तारिक रहमान 25 दिसंबर को 17 वर्षों के स्वैच्छिक निर्वासन के बाद लंदन से बांग्लादेश लौटे थे। उनके स्वदेश लौटने को बीएनपी के लिए एक अहम राजनीतिक संकेत माना गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि उनकी वापसी से संगठन को नई ऊर्जा मिली है और कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है।

**पार्टी में लंबा संगठनात्मक अनुभव :** 60 वर्षीय तारिक रहमान का पार्टी संगठन में लंबा अनुभव रहा है। वर्ष 2002 में उन्हें बीएनपी का वरिष्ठ संयुक्त महासचिव बनाया गया था। इसके बाद 2009 में वह पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने। पार्टी के भीतर उन्हें रणनीतिकार और संगठन को मजबूती देने वाला नेता माना जाता है।

**प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार :** पार्टी सूत्रों के अनुसार, तारिक रहमान आगामी आम चुनावों में प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं। बीएनपी को फरवरी में होने वाले चुनावों में सत्ता में लौटने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, खासकर तब जब पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से बाहर कर दिया गया है।

**बीएनपी को सत्ता में वापसी की उम्मीद :** पार्टी का कहना है कि नए नेतृत्व में बीएनपी देश की राजनीति में स्थिरता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम करेगी। तारिक रहमान के अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी औपचारिक रूप से संभाल ली है और संगठन को चुनावी मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गई है।

## डॉक्टर का दावा- आंदोलन कुचलने के लिए खामेनेई की सेना ने बरसाईं गोलियां! केवल तेहरान में 217 मौत



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन शनिवार (10 जनवरी) को 13वें दिन में जा पहुंचा है। खराब अर्थव्यवस्था और बढ़ती महंगाई के बीच जनता सड़कों पर उतर चुकी है और खामेनेई प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रही है। इस बीच देश में जारी सरकार विरोधी आंदोलन को लेकर हैरान कर देने वाला दावा सामने आया है। एक ईरानी डॉक्टर ने दावा करते हुए कहा है कि सिर्फ तेहरान में 217 मौतें हुई हैं।

ईरान से मिली रिपोर्टों के अनुसार विरोध प्रदर्शन अब देश के सभी 31 प्रांतों में फैल चुका है। टाइम पत्रिका की एक रिपोर्ट में तेहरान के एक डॉक्टर के हवाले से नाम न छापने की शर्त पर बताया गया है कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें से अधिकांश की मौत गोली लगने से हुई है।

**डॉक्टर का दावा- 217 प्रदर्शनकारियों की मौत :** डॉक्टर का दावा है कि तेहरान में 200 से अधिक प्रदर्शनकारी मारे गए हैं। टाइम पत्रिका को तेहरान के एक डॉक्टर ने बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें से अधिकतर की जान सुरक्षा बलों की तरफ से की गई गोलीबारी में गई है। डॉक्टर ने ईरानी अधिकारियों के डर से नाम न छापने की शर्त पर यह बड़ी जानकारी साझा की। हालांकि टाइम पत्रिका ने इन आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है।

**सत्ता के खिलाफ जनता का हल्ला बोल :** ऐसे में अगर मौतों के यह आंकड़े सही है तो ईरानी सरकार का आंदोलन को कुचलने के लिए खौफनाक चेहरा सामने आया है। इधर, देश में इंटरनेट और फोन सेवा लगभग पूरी तरह बंद कर हो चुकी है।

इंटरनेट स्वतंत्रता पर नजर रखने वाली संस्था नेटब्लॉक्स ने शासन की तरफ से लागू किए गए इंटरनेट प्रतिबंध का दस्तावेजीकरण किया। संस्था ने बताया कि राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंद किए हुए अब 24 घंटे हो चुके हैं और कनेक्टिविटी सामान्य स्तर के 1% पर स्थिर है। यह जारी डिजिटल ब्लैकआउट ईरानियों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है और शासन की हिंसा को छुपाता है।

**विरोध प्रदर्शन के बीच खामेनेई का बड़ा बयान :** इससे पहले शुक्रवार को देश में व्याप्त अशांति के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने ट्रंप को अमेरिका की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की नसीहत दी है। खामेनेई ने देश को संबोधित करते हुए कहा था कि प्रदर्शनकारी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी देश को बर्बाद कर रहे हैं। खामेनेई ने साफ कहा है कि देश विदेशियों के भाड़े के सैनिकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। इसी के साथ प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भी संकेत दिया।

# डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को मिली पहली जीत, दिल्ली कैपिटल्स को हराया

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने यहां महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट मुकाबले (डब्ल्यूपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को 50 रनों से हराकर अच्छी वापसी की है। मुंबई इंडियंस इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने पहले ही मैच में हार गयी थी। इस मैच में जीत से टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली कैपिटल्स अपना दूसरा मुकाबाल जीतकर सबसे नीचे है। मुंबई इंडियंस की टीम ने कैपिटल्स के खिलाफ 4 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। अमेलिया केर अपना खाता भी नहीं खोल पायी। जी कमलिनी ने नैट साइवर-ब्रंट के साथ 32 गेंदों में 49 रन की बनाकर टीम को संभाला। कमलिनी 16 रन बनाकर पेवेलियन लौटीं। , इसके बाद साइवर-ब्रंट ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन बनाकर टीम को 117 रन तक पहुंचाया। साइवर-ब्रंट ने 70 रन बनाये। हरमनप्रीत ने नाबाद 74 रन जबकि निकोला ने 21 रन बनाये।

कैपिटल्स की ओर से नंदिनी शर्मा ने सर्वाधिक 2 विकेट निकाले, जबकि चिनेल हेनरी और श्री चरणी ने 1-1 विकेट हासिल लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की टीम 19 ओवरों में 145 रन ही बना पायी। टीम ने लिजेली ली का विकेट शुरुआत में ही खो दिया। ली ने 10 रन बनाये। इसके बाद शेफाली वर्मा ने भी केवल 8 रन बनाकर ही आउट हो गयीं। चिनेल हेनरी ने निकी प्रसाद के साथ छठे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने का प्रयास किया पर असफल रहीं। चिनेल हेनरी ने सबसे अधिक 56 रन बनाए, जबकि निकी प्रसाद ने 12 रन की बनाये। मुम्बई की ओर से निकोला कैरी और अमेलिया केर ने 3-3 विकेट।



# मलेशिया ओपनः वर्ल्ड नंबर 1 शी चोट के कारण बाहर, थाईलैंड के विटिडसर्न बने चैंपियन




**कुआलालाम्पुर (एजेंसी)।** चीन के वर्ल्ड नंबर 1 शी यूकी रविवार को थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ मलेशिया ओपन फाइनल के दौरान पीठ की चोट के कारण रिटायर हो गए। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन शी दर्द में खेल रहे थे, लेकिन पहला गेम 21-23 से हारने के बाद उन्होंने मैच छोड़ दिया। मैच के बाद उन्होंने कुनलावुत की तारीफ की।

उन्होंने कहा, 'कुनलावुत हमेशा से बहुत मजबूत खिलाड़ी रहे हैं और अभी दुनिया के टॉप खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके खिलाफ खेलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है, खासकर इस तरह के फाइनल स्टेज पर।' महिला सिंगल्स फाइनल में, दक्षिण कोरिया की ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग ने चीन की वांग झेई को 21-15, 24-22 से हराया।

वांग ने कहा कि दूसरे गेम में उनके पास मैच पलटने के मौके थे, लेकिन अहम पलों में वह चूक गईं। उन्होंने कहा, 'जब मैं पिछड़ रही थी, तो मुझे बेहतर टैक्टिकल जवाब देने चाहिए थे। मुझे उम्मीद है कि अगली बार मैं बेहतर प्रदर्शन करूंगी।' चीन ने लियू शेंगशु और टैन निंग, और फेंग यानझे और हुआंग डोंगपिंग के जरिए महिला डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के खिताब जीते। लियू और टैन ने महिला डबल्स फाइनल में दक्षिण कोरिया की बाएक हा-ना और ली सो-ही को 21-18, 21-12 से हराया, जबकि फेंग और हुआंग ने मिक्स्ड डबल्स फाइनल में अपने ही देश के जियांग झेनबांग और वेई याक्सिन को 21-19, 21-19 से हराया। पुरुष डबल्स में, दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे ने मलेशिया के आरोन चिया टेंग फोंग और सोह वूई यिक को 21-15, 12-21, 21-18 से हराया।

# 52 साल के हुए द्रविड़ को जन्मदिन पर मिली बधाइयां

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज राहुल द्रविड़ रविवार 11 जनवरी को 52 साल पूरे हो गए। द्रविड को इस अवसर पर क्रिकेट जगत के साथ ही प्रशंसकों ने भी शुभकामनाएं दी हैं। खेल हस्तियों और संगठनों ने उनके खेल करियर की उपलब्धियों, भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान और उनके शांत स्वभाव की प्रशंसा की है।

द्रविड़ अपनी शानदार बल्लेबाजी के कारण कठिन हालातों में भी भारतीय टीम की ढ़ाल बनकर सामने आये। वह टीम के कप्तान भी रहे। वह हमेशा ही एक शांत क्रिकेटर रहे। खेल से संन्यास के बाद कोच और कमेंटेटर के तौर पर भी वह खासे सफल रहे। आईपीएल में भी वह कई टीमों से जुड़े रहे हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार द्रविड़ अपने शुरुआती दिनों में क्रिकेट नहीं बल्कि हॉकी पसंद करते थे। प्लेयर बनने का था. वह स्कूल में हॉकी खेला करते थे। स्कूल टीम में वह सेंटर-हाफ के तौर पर खेलते थे। द्रविड़ राज्य की जूनियर टीम में भी रहे थे। एक दिन कोच ने अचानक ही उन्हें सेंटर-हाफ से हटाकर राइट-हाफ में खेलने भेज दिया। तब उन्हें लगा कि उनके खेल का स्तर अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, ÷हॉकी टीम में पोजीशन बदलने के बाद मेरे पास क्रिकेट में जाने का विकल्प था।.÷ इसी कारण उनका ध्यान क्रिकेट की ओर आ गया। इसके बाद उन्हें हॉकी से ज्यादा क्रिकेट में आनंद आने लगा और वह क्रिकेट में ही रम गये। जूनियर लेवल पर धीरे-धीरे उनकी पहचान बनने लगी। इसी दौरान नाम कोच केकी तारापोर की उनकी प्रतिभा का पहचाना और यहीं से उनका खेल में आगे बढ़ने का सफर शुरु हो गया। उन्हें 1990 में पहली बार कर्नाटक राज्य टीम में शामिल किया गया। घरेलू क्रिकेट में डेब्यू के बाद द्रविड़ को छह साल बाद भारतीय टीम में जगह मिल गयी। द्रविड़ ने अप्रैल, 1996 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय में डेब्यू का मौका मिला। जिसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। द्रविड़ ने भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ियों में जगह बनाने के साथ ही भारत के लिए 164 टेस्ट, 344 एकदिवसीय और 1 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलते हुए 52.31 की औसत से 13288 रन बनाए। उन्होंने 63 अर्धशतक और 36 शतक लगाये। टेस्ट में द्रविड़ के नाम 5 दोहरे शतक भी है। वहीं एकदिवसीय में द्रविड़ ने 10889 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनके नाम 83 अर्धशतक और 12 शतक है। उनके खेल की सबसे बड़ी खूबी ये रही कि वह एक भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं जब भी टीम संकटों में घिरी द्रविड़ ने उसे संभाला। कई शीर्ष गेंदबाज भी उनके सामने विफल रहे। इसी कारण उन्हें भारत की दीवार भी कहा जाता रहा है।



# एशेज ट्रॉफी की कीमत सिर्फ 7.99 पाउंड: क्यों सबसे खास है क्रिकेट की यह जंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी में इंग्लैंड को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने एक बार फिर एशेज पर कब्जा बरकरार रखा और क्रिकेट की सबसे पुरानी व प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता को नया अध्याय दे दिया। एशेज को सिर्फ एक द्विपक्षीय सीरीज़ कहना इसकी महत्ता को कम करके आंकना होगा। यह मुकाबला डेढ़ सौ साल से भी अधिक पुरानी परंपरा, राष्ट्रीय सम्मान और खिलाड़ियों की शारीरिक व मानसिक सहनशक्ति की अंतिम परीक्षा माना जाता है। हैरानी की बात यह है कि जिस ट्रॉफी के लिए इतनी कड़ी जंग होती है, उसकी वास्तविक कीमत महज़ 7.99 पाउंड, यानी लगभग 968 रुपये आंकी गई है, फिर भी इसकी प्रतिष्ठा किसी विश्व कप या आईसीसी ट्रॉफी से कम नहीं मानी जाती।

एशेज ट्रॉफी दरअसल एक छोटा सा कलश है, जिसे 1882 में इंग्लैंड की ऑस्ट्रेलिया से ऐतिहासिक हार के बाद प्रतीकात्मक रूप से बनाया गया था। मान्यता है कि इसमें जली हुई बेल्स की राख रखी गई है। आज विजेता टीम को जो ट्रॉफी सौंपी जाती है, वह मूल कप प्रतिकृति होती है, जबकि असली कलश लंदन के लॉर्ड्स म्यूज़ियम में सुरक्षित है। क्रिकेट इतिहासकारों और बोर्ड से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इसकी भौतिक कीमत बेहद मामूली है, लेकिन इसका भावनात्मक और ऐतिहासिक मूल्य अनमोल है।

इस बात का दिलचस्प खुलासा इंग्लैंड के महान तेज़ गेंदबाज़ जिमी एंडरसन ने अपनी आत्मकथा ÷फाइंडिंग दा ऐज÷ में किया है। एंडरसन ने 2009 की एशेज जीत के बाद का एक किस्सा साझा करते हुए बताया कि जश्न के दौरान जब वे और ग्रैम स्वान ट्रॉफी थामे हुए थे, तो उन्हें उसके नीचे कुछ चिपका हुआ महसूस हुआ। ट्रॉफी को पलटने पर पता चला कि उस पर अब भी प्राइज़ टैग लगा था, जिस पर 7.99 पाउंड लिखा हुआ था। जल्दबाज़ी में टैग हटाना तक भूल जाना इस बात का प्रतीक था कि एशेज जीतने की खुशी में खिलाड़ी हर छोटी-बड़ी चीज़ से बेखबर हो जाते हैं।

एशेज ट्रॉफी की कम कीमत अक्सर लोगों को चौंकाती है, लेकिन यही इसकी खूबी भी है। इस ट्रॉफी के लिए खिलाड़ी अपना करियर, शरीर और मानसिक संतुलन तक दांव पर लगा देते हैं। महीनों की थकान, चोटों का दर्द और अपार दबाव झेलने के बाद इसे जीतना ही असली पुरस्कार है। यही कारण है कि 7.99 पाउंड की यह ट्रॉफी भावनात्मक और ऐतिहासिक मायनों में क्रिकेट की सबसे महंगी और सबसे कठिन उपलब्धि मानी जाती है।



# टॉप सीड एलिना स्वितोलिना ने ऑकलैंड का खिताब जीता

वेलिंगटन। टॉप-सीड एलिना स्वितोलिना ने रविवार को अपना 19वां WTA खिताब जीता, उन्होंने न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड में ACB क्लासिक फाइनल में चीन की वांग शिन्यू को 6-3, 7-6(8) से हराया। 31 साल की यूक्रेनी खिलाड़ी ने सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए, पहले सर्व के 74 प्रतिशत पॉइंट जीते, और मैच का एकमात्र ब्रेक 4-2 पर वांग की सर्विस तोड़कर हासिल किया, जिसके बाद उन्होंने दूसरे सेट का टाईब्रेक जीता। स्वितोलिना ने 2025 के आखिर में चोट के कारण चार मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए WTA 250 इवेंट में लगातार पांच मैच जीते। एक घंटे और 42 मिनट तक चले मैच के बाद कोर्ट पर स्वितोलिना ने कहा, 'एक और खिताब जीतना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर मेरे लिए साल के बहुत अच्छे अंत के बाद।' सातवीं वरीयता प्राप्त 24 साल की वांग ने शनिवार को सेमीफाइनल में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला को हराकर अपने करियर का दूसरा फाइनल खेला। वह इससे पहले पिछले जून में बर्लिन में घास के कोर्ट पर WTA फाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्हें चेक खिलाड़ी माकेर्टा वोंद्रोसोवा से हार का सामना करना पड़ा था।



# फीफा विश्व कप ट्रॉफी दिल्ली पहुंची, वर्ल्ड टूर के तहत तीन दिन भारत में रहेगी

नई दिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 की असली ट्रॉफी शनिवार को अपने वर्ल्ड टूर के तहत भारत पहुंची, जो यहां तीन दिनों तक रहेगी। इस दौरान यह ट्रॉफी दो दिनों तक दिल्ली में रहेगी और उसके बाद इसे असम के गुवाहाटी ले जाया जाएगा। फीफा विश्व कप की शुरुआत 11 जून को होगी। विश्व कप ट्रॉफी लगभग 12 साल के बाद भारत आई है। इस ट्रॉफी टूर का आयोजन वैश्विक पेय कंपनी कोका-कोला कर रही है, जो फीफा विश्व कप की आधिकारिक भागीदार है। यहां आयोजित एक समारोह में ब्राजील के पूर्व विश्व कप विजेता खिलाड़ी और फीफा दिग्गज गिलबर्टो सिल्वा तथा केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया की उपस्थिति में इस असली ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस अवसर पर मंडाविया ने कहा कि यह ट्रॉफी देश के युवाओं को फुटबॉल के खेल के प्रति प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में खेल एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनकर उभरा है। हम एक दशक के भीतर, यानी 2036 तक भारत को दुनिया के शीर्ष दस खेल राष्ट्रों में शामिल करने के लिए काम कर रहे हैं। कोका-कोला इंडिया और दक्षिण पश्चिम एशिया के अध्यक्ष संकेत रे ने कहा कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक बहुत मजबूत और शक्तिशाली स्तंभ बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, इसकी वजह विकसित भारत 2047 के साथ निकटता से जुड़ी है, जहां युवा भारत विश्व मंच पर नेतृत्व करने, प्रतिस्पर्धा करने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए तैयार है। फीफा विश्व कप के साथ कोका-कोला का जुड़ाव खेलों और युवाओं पर इस राष्ट्रीय ध्यान को साकार करता है। उन्होंने बताया कि कोका-कोला 1978 से फीफा विश्व कप का आधिकारिक भागीदार रहा है और दुनिया भर में नियमित रूप से इसका प्रचार कर रहा है।

# विराट कोहली सबसे तेज 28000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने, सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा



वडोदरा। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली रविवार को न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट में सभी फॉर्मेट में 28,000 रन बनाने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए और सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अपने 624वें इनिंग में खेलते हुए कोहली ने न्यूज़ीलैंड के लेग-स्पिनर आदित्य अशोक की गेंद पर चौका लगाकर यह मुकाम हासिल किया। तेंदुलकर ने यह मुकाम अपने 644वें इनिंग में हासिल किया था, जबकि श्रीलंकाई दिग्गज कुमार संगकारा, जो 28000 रन क्लब में तीसरे खिलाड़ी हैं ने यह उपलब्धि अपने 666वें इनिंग में हासिल की थी। इस 37 साल के बल्लेबाज ने इस मैच से पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में सभी फॉर्मेट में 27975 रन के साथ उतरे थे। तेंदुलकर ने 782 इनिंग में 34357 रन बनाए जबकि संगकारा ने 666 इनिंग में 28016 रन बनाए। फरवरी 2023 में कोहली 25000 रन बनाने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बने थे। उन्होंने यह मुकाम 549 इनिंग में हासिल किया था जो तेंदुलकर से 28 इनिंग पहले था। अक्टूबर 2023 में कोहली 26000 रन बनाने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बने। एक साल बाद सितंबर 2024 में उन्होंने अपने 594वें इनिंग में 27000 रन पूरे किए।

# टी20 फॉर्मेट में भारत अलग चुनौती पेश करता है, वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचना तय

**-क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने टीम इंडिया की घरेलू परिस्थितियों में मजबूती की तारीफ की**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने टीम इंडिया की घरेलू परिस्थितियों में मजबूती और गहराई की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत जैसी टीम को कभी हल्के में नहीं लिया जा सकता और आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उसका सेमीफाइनल तक पहुंचना तय माना जा सकता है।

स्मिथ ने कहा कि घरेलू मैदानों पर खेला जाने वाला यह विश्व कप भारत को अतिरिक्त बढ़त देगा और टीम ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदार है। हाल ही में भले ही दक्षिण अफ्रीका ने भारत को उसके घर में टेस्ट सीरीज हराई हो, लेकिन स्मिथ के मुताबिक टी20 फॉर्मेट में भारत अलग चुनौती पेश करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय टी20 टीम में आक्रामकता, गहराई और मैच जिताने की क्षमता है। स्मिथ ने यह कहा कि टेस्ट और टी20 क्रिकेट की परिस्थितियां और मांगें अलग होती हैं, इसलिए टेस्ट सीरीज के नतीजों को टी20 वर्ल्ड कप से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट में चल रहे बदलाव के दौर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम एक नए फेज से गुजर रही है, जहां सीनियर खिलाड़ियों और नई पीढ़ी के बीच संतुलन बनाने की कोशिश हो रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह ट्रांजिशन कितनी तेजी और मजबूती से आगे बढ़ता है। हालांकि, स्मिथ का मानना है कि भारत की टैलेंट पूल इतनी मजबूत है कि किसी भी स्थिति में टीम प्रतिस्पर्धी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अगर भारत टॉप-4 में नहीं पहुंचता है तो यह उनके लिए हैरानी की बात होगी। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत में अब एक महीने से भी कम समय बचा है और स्मिथ पहले से ही एक रोमांचक फाइनल की कल्पना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी ख्वाहिश है कि दक्षिण अफ्रीका फाइनल में भारत को हराकर खिताब जीते। स्मिथ के मुताबिक अगर टीम सही कॉम्बिनेशन के साथ उतरती है और मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज भारतीय परिस्थितियों में स्पिन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो दक्षिण अफ्रीका को इतिहास रचने का सुनहरा मौका होगा।

# एस 20 मैच में लगी आग के बाद भी चलता रहा मैच

जोहांसबर्ग। यहां खेले जार हे एसए 20 के 19वें मैच के दौरान भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी हालांकि राहत की बात ये रही कि किसी की जान नहीं गयी। ये मामला पर्ल रॉयल्स और प्रीटोरिया कैपिटल्स के बीच हुए मैच का है। जा इय मैच के दौरन ही स्टेडियम की पार्किंग में आग लगने से स्टेडियम में बैठे प्रशंसक डर गये। आग पर किसी प्रकार से बचाव दल ने नियंत्रण कर हालात संभाले। आग के बाद भी मैच जारी रहा। इस मैच में प्रीटोरिया कैपिटल्स की टीम ने 21 रनों से जीत हासिल की। प्रीटोरिया कैपिटल्स की टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 138 रन बनाये। सबसे अधिक 42 रन शेरफन रदरफोर्ड ने बनाये। वहीं वहीं शाई होप ने 22 रन बनाये। रॉयल्स की तरफ से हारिस विल्जोन, डेन लॉरेंस और सिकंदर रजा ने दो-दो विकेट लिए जबकि नकोबानी मोकोएना ने एक विकेट लिया। इसके बाद 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पर्ल रॉयल्स की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर केवल 117 रन ही बना पायी। रॉयल्स की ओ से कप्तान डेविड मिलर ने सबसे अधिक 45 रन जबकि रुबिन हार्मेन ने 35 रन बनाए पर ये दोनो टीम को जीत तक नहीं पहुंचा पाये। वहीं गेंदबाजी में कैपिटल्स की ओर से केशव महाराज ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

# मोलेइरो के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विलारियल ने ला लिगा में एलवेस को हराया



बार्सिलोना। अल्बर्टो मोलेइरो के शानदार खेल से विलरियाल ने ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मैच में एलवेस को 3-1 से हराकर लीग तालिका में तीसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। कैनरी द्वीप समूह के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने मध्यांतर के बाद मैच का पहला और मौजूदा सत्र का अपना आठवां गोल दागा। अनुभवी स्ट्राइकर गेरार्ड मोरेनो ने 55वें मिनट में घरेलू टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मोलेइरो ने इसके बाद टीम के तीसरे गोल की नींव रखी, जब उन्होंने दो डिफेंडरों के बीच से सटीक पास निकालकर जॉर्जिया के स्ट्राइकर जॉर्जेस मिकाउताद्जे के लिए मौका बनाया। मिकाउताद्जे ने गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। एलवेस की ओर से टोनी मार्टिनेज ने 85वें मिनट में गोल कर हार के अंतर कम किया। इस जीत के बाद विलारियाल में तालिका पर शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से आठ अंक और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से चार अंक कम हैं। वहीं, वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से तीन अंक आगे है। अन्य मैचों में गिरोना ने शनिवार को ओसासुना को 1-0 से हराया। तालिका में निचले स्थान पर काबिज रियाल ओविएदो ने रियाल बेटिस को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया।

# मेदवेदेव ने मिशेलसेन को हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनायी



ब्रिस्बेन। रुस के टेनिस स्टार दानिल मेदवेदेव ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसेन को 6-4, 6-2 से हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में पवेश किया है। मेदवेदेव को हालांकि जीत के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। इसी के साथ ही मेदवेदेव ने अपने करियर में 41वें टूर-लेवल फाइनल में जगह बनायी है। मेदवेदेव ने एलेक्स के खिलाफ मुकाबले में हालांकि 27 गलतियां कीं पर उन्होंने दूसरे सेट में सभी चार ब्रेक अंकों को बचा लिया। इसी के साथ ही उन्होंने सबसे ज़्यादा फाइनल खेलने वाले अलेक्जेंडर ज़्वेरेव की बराबरी की। रुसी खिलाड़ी ने इस पर खुशी जतायी कि वह कई अवसरों पर एलेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे। साथ ही कहा कि इसी कारण उन्हें जीत मिली। अब उनका मुकाबल फाइनल में अमेरिका के ही ब्रैंडन नाकाशिमा से होगा। इससे पहले नाकाशिमा ने एक अन्य मुकाबले में अलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6(4), 6-4 से हराकर अपने चौथे एटीपी टूर के फाइनल में स्थान बनया। साल 2022 में सैन डिएगो में अपने घर पर पहला खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। इस सप्ताह ब्रिस्बेन में अपने चार मैचों में वह एक भी सेट नहीं हारे है जिससे उनका मुकाबला फाइनल के लिए बढ़ा हुआ है।

# न्यूज़ीलैंड सीरीज़ से बढ़ी हलचल, क्या 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक खेलेंगे विराट और रोहित

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए टीम इंडिया से जुड़ते ही भारतीय क्रिकेट में एक बार फिर 2027 वनडे वर्ल्ड कप को लेकर चर्चाएं तेज़ हो गई हैं। जिस तरह से दोनों सीनियर बल्लेबाज़ हाल के महीनों में फिटनेस, फॉर्म और मैदान पर भूख के साथ नज़र आए हैं, उससे यह साफ संकेत मिलता है कि उनका भविष्य पूरी तरह उनके अपने फैसले पर निर्भर है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच रोहित और विराट ने जिस प्रतिबद्धता के साथ क्रिकेट खेला है, उसने यह दिखा दिया है कि खेल अभी भी उनकी प्राथमिकता बना हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को साबित किया है, बल्कि बीसीसीआई की गाइडलाइंस के मुताबिक घरेलू क्रिकेट में भी हिस्सा लिया है। अगर उनके मन में 2027 वर्ल्ड कप का लक्ष्य न होता, तो ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे सीरीज़ खेलने का शायद ही कोई ठोस कारण होता। विराट कोहली और रोहित शर्मा ऐसे मुकाम पर हैं, जहां उन्हें किसी को कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं है। ऐसे में केवल औपचारिक वनडे मुकाबले खेलने का कोई अर्थ नहीं बनता, जब तक कि आगे कोई बड़ा लक्ष्य न हो।

फिलहाल दोनों का फॉर्म और फिटनेस उनकी सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आई है। रोहित शर्मा पहले से कहीं ज्यादा फिट दिख रहे हैं, जबकि विराट कोहली की फिटनेस हमेशा से ही उनकी पहचान रही है। अहम बात यह है कि दोनों रन बना रहे हैं, बड़े स्कोर खड़े कर रहे हैं और मैच पर अपनी पकड़ दिखा रहे हैं। आत्मविश्वास और अनुभव के इस मेल ने उन्हें एक बार फिर भारतीय वनडे टीम का मजबूत स्तंभ बना दिया है। अब सवाल सिर्फ इतना है कि क्या वे 50 ओवर के फॉर्मेट में आगे भी खेलना चाहते हैं और क्या 2027 वर्ल्ड कप को आखिरी बड़ी चुनौती के रूप में देखते हैं। विराट कोहली 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीत चुके हैं, लेकिन रोहित शर्मा के शानदार करियर में यह ट्रॉफी अब तक नहीं जुड़ पाई है। ऐसे में 2027 का वर्ल्ड कप रोहित के लिए एक परफेक्ट फिनाले साबित हो सकता है। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का भी मानना है कि दक्षिण अफ्रीका जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अनुभव और क्लास की जरूरत होगी, जो विराट और रोहित दोनों के पास भरपूर है।

यह भी हकीकत है कि वर्ल्ड कप से ठीक एक साल पहले टीम में बड़े बदलाव करना आसान नहीं होता। इसी वजह से तमाम संकेत यही इशारा कर रहे हैं कि विराट कोहली और रोहित शर्मा 2027 वर्ल्ड कप में भारतीय जर्सी में नजर आ सकते हैं। अगर ऐसा होता है, तो यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट के लिए किसी मेगा ब्लॉकबस्टर से कम नहीं होगा। फिलहाल, क्रिकेट प्रेमियों के लिए सबसे बेहतर यही है कि वे न्यूज़ीलैंड के खिलाफ इन दोनों दिग्गजों की बल्लेबाज़ी का भरपूर आनंद लें।



# बीते सप्ताह तेल-तिलहन के दाम तेजी के साथ बंद, जाड़े और मांग

## सूरजमुखी, सोयाबीन डीगम और पाम तेल के आयात में कमी से अन्य तेलों के दाम प्रभावित हुए



**नई दिल्ली ।**

ठंड के मौसम और शादी-विवाह के सीजन में तेल-तिलहन की मांग बढ़ी। बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन के दाम मजबूत बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। सोयाबीन और सरसों का दाम अंतर घटकर 8-10 रुपये प्रे ति किलो हो गया। सोयाबीन तेल सस्ता और मांग में बढ़त, जबकि महंगे सरसों तेलकी खपत कमजोर रही। सूरजमुखी, सोयाबीन डीगम और पाम तेल के आयात की घट-बढ़ से बाजार प्रभावित। पिछले साल आयात लागत से कम दाम पर हुआ, अब आयात कम होने से आपूर्ति सीमित। हल्के तेलों की मांग जाड़े में अधिक, बिनौला तेल के दाम सुधरे। सरसों के दाम एमएसपी से ऊपर, लेकिन खपत सीमित रही। बीते सप्ताह सरसों दाना 15 रुपये के सुधार के साथ 6,940-6,990 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 75 रुपये के सुधार के साथ 14,375 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,410-2,510 रुपये और 2,410-2,555 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 100-100 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 5,110-5,160 रुपये और 4,810-4,860 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 300 रुपये के सुधार के साथ 13,950 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 300 रुपये के सुधार के साथ 13,550 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 350 रुपये के सुधार के साथ 10,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह सुस्त कामकाज के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में स्थिरता का रुख दिखा। मूंगफली तिलहन 6,575-6,950 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 15,800 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,530-2,830 रुपये प्रति टिन पर स्थिर रुख के साथ बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 125 रुपये के सुधार के साथ 11,550 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 250 रुपये के सुधार के साथ 13,400 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 200 रुपये के सुधार के साथ 12,350 रुपये प्रति क्विंटल /

# भारतीय आईटी दिग्गज एजेंटिक एआई में आगे

## व्यावसायिक वृद्धि के  लिए अपना रहे नए मॉडल

**नई दिल्ली ।**

भारतीय आईटी कंपनियां व्यावसायिक वृद्धि और नवाचार के लिए एजेंटिक एआई को अपनाने में सबसे आगे हैं। थॉटवर्क्स द्वारा किए गए हालिया सर्वेक्षण में सामने आया कि भारत में 48 प्रतिशत कंपनियां एजेंटिक एआई को अपनी प्राथमिकता मानती हैं। यह पश्चिमी देशों से काफी अलग है, जहां पारंपरिक दक्षता बढ़ाने पर ही ज़्यादा ध्यान दिया जा रहा है। अमेरिका में यह आंकड़ा 28 प्रतिशत और ऑस्ट्रेलिया में केवल 23 प्रतिशत है। एजेंटिक एआई ऐसे स्वायत्त सिस्टम होते हैं, जो स्वतंत्र रूप से काम कर सकते हैं, तर्क कर सकते हैं और बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं। भारतीय कंपनियों का यह रुझान दिखाता है

कि वे केवल एआई टूल्स का इस्तेमाल नहीं कर रहे, बल्कि एआई-आधारित कारोबारी मॉडल अपनाने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि भारत में 93 प्रतिशत प्रतिभागी मानते हैं कि सबसे प्रभावशाली एआई पहल वे हैं जो कर्मचारियों के कौशल और काम की गति बढ़ाती हैं।

वहीं 86 प्रतिशत प्रतिभागियों का मानना है कि एआई कर्मचारियों की जगह नहीं ले रहा, बल्कि उन्हें और सशक्त बना रहा है।

# एसबीआई ने एटीएम ट्रांजेक्शन चार्ज बढ़ाए, सैलरी अकाउंट

## दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री ट्रांजेक्शन की सुविधा पहले की तरह जारी

**नई दिल्ली ।**




स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने एटीएम ट्रांजेक्शन चार्जेस में बदलाव किया है। यह संशोधन इंटरचेंज फीस बढ़ने के कारण किया गया है। नए नियमों का असर मुख्य रूप से उन ग्राहकों पर पड़ेगा जो एसबीआई खाते के बावजूद दूसरे बैंकों के एटीएम का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पर्सनल सेगमेंट के साधारण सेविंग्स अकाउंट (बीएसबीडी, केसीसी और सैलरी पैकेज को छोड़कर) में दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री ट्रांजेक्शन (फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल) की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी। हालांकि, फ्री लिमिट के बाद कैश विड्रॉल पर चार्ज बढ़ाकर 23 रुपये के साथ जीएसटी कर दिया गया है, जो पहले 21 रुपये के साथ जीएसटी था। वहीं बैलेंस चेक या मिनी स्टेटमेंट जैसे नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर अब 11 रुपये के साथ जीएसटी देना होगा, पहले यह 10 रुपये के साथ जीएसटी था। अब तक सैलरी पैकेज सेविंग्स अकाउंट पर दूसरे बैंक के एटीएम से अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन की सुविधा मिलती थी। लेकिन नए नियमों के तहत इसे घटाकर 10 फ्री ट्रांजेक्शन प्रति माह कर दिया गया है। फ्री लिमिट खत्म होने के बाद कैश विड्रॉल पर 23 रुपये के साथ और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर 11 रुपये के साथ जीएसटी देना होगा। बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट होल्डर्स के लिए चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अलावा एसबीआई डेबिट कार्ड से एसबीआई के अपने एटीएम या एडीडब्ल्यूएम पर ट्रांजेक्शन पहले की तरह मुफ्त रहेंगे। योनो के जरिए कार्डलेस कैश विड्रॉल भी अनलिमिटेड फ्री रहेगा। एसबीआई ने ग्राहकों को अतिरिक्त चार्ज से बचने के लिए यूपीआई, योनो ऐप और डिजिटल ट्रांजेक्शन का अधिक इस्तेमाल करने की सलाह दी है। बैंक का कहना है कि बढ़ती लागत के चलते यह बदलाव जरूरी था।

# पिछले एक साल में तांबे की कीमत 60 फीसदी उछली

## तांबे की बढ़ती मांग और सप्लाई की कमी से कीमतों में ऐतिहासिक उछाल

**नई दिल्ली ।**




2026 की शुरुआत में तांबे की कीमतों ने निवेशकों को चौंका दिया है। पिछले एक साल में तांबे की कीमत लगभग 60 फीसदी तक बढ़ चुकी है और यह तेजी की मुख्य वजह बढ़ती मांग और आपूर्ति की कमी है। लंदन मेटल एक्सचेंज का इंडेक्स मार्च 2022 के बाद अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। तांबा अब सिर्फ घरेलू तारों या विद्युत उपकरणों तक सीमित नहीं है,

बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), डेटा सेंटर्स और ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स में भी इसकी उपयोगिता तेजी से बढ़ी है। 6 जनवरी 2026 को कॉमेक्स स्पॉट मार्केट में तांबे की कीमत 6.069 डॉलर प्रति पाउंड तक पहुंच गई,

जबकि भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर तांबे की कीमत 1,392.95 रुपये प्रति किलो के शिखर पर पहुंची थी। हालांकि, 10 जनवरी को कीमत में थोड़ी गिरावट आई, जो 5.849 डॉलर प्रति पाउंड और 1,278.95 रुपये प्रति किलो पर आ गई। विशेषज्ञों के मुताबिक, तांबे की कीमतों में वृद्धि का मुख्य कारण बढ़ती डिमांड और सप्लाई का असंतुलन है। इलेक्ट्रिक वाहन, डेटा सेंटर्स और डिफेंस सेक्टर में तांबे की खपत तेजी से बढ़ी है, जबकि मौसम की मार, हड़तालें और उत्पादन की चुनौतियों ने आपूर्ति को प्रभावित किया है। इसके अलावा, डॉलर में कमजोरी और ब्याज दरों में नरमी ने भी निवेशकों को जोखिम लेने के लिए प्रेरित किया है। अंतरराष्ट्रीय कॉपर स्टडी ग्रुप के अनुसार, 2026 में तांबे की वैश्विक आपूर्ति में करीब 1.5 लाख टन की कमी हो सकती है। इस स्थिति में, जब तक स्टॉक कम रहेगा और मांग बनी रहेगी, तांबे की कीमतों में उतार-चढ़ाव के साथ तेजी जारी रहने की संभावना है।

# पिछले सप्ताह सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा

## सप्ताहभर में सोना 3,114 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 15,686 रुपए महंगी

**नई दिल्ली ।**

बीते एक सप्ताह में चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। 2 जनवरी को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 5 मार्च एक्सपायरी वाली चांदी का भाव 2,36,316 रुपए प्रति किलोग्राम था। कारोबारी हफ्ते के दौरान चांदी ने तेज़ उछाल मारा और 2,59,692 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। हालांकि, सप्ताह के अंत में मुनाफावसूली के चलते शुक्रवार को इसका बंद भाव 2,52,002 प्रति किलोग्राम रहा। पूरे हफ्ते में चांदी लगभग 15,686 रुपए महंगी हुई। अभी भी यह अपने रिकॉर्ड स्तर से करीब 7,690 नीचे है, जिसे कुछ निवेशक खरीदारी का अवसर मान रहे हैं। वहीं सोने की कीमतों में भी हल्की तेजी देखने को मिली। 2 जनवरी को 24 कैरेट सोने का भाव 1,35,761 प्रति 10 ग्राम था, जबकि शुक्रवार को एमसीएक्स पर 5 फरवरी एक्सपायरी वाले सोने का भाव 1,38,875 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सप्ताहभर में सोना लगभग 3,114 रुपए प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ। हालांकि, सोना अब भी अपने लाइफटाइम हाई 1,40,465 रुपए प्रति 10 ग्राम से लगभग 1,590 रुपए कम है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार घरेलू सोने के भाव इस प्रकार हैं- 24 कैरेट का भाव 1,37,120 रुपए, 22 कैरेट 1,33,830, 20 कैरेट 1,22,040 रुपए, 18 कैरेट 1,11,070 रुपए और 14 कैरेट के दाम 88,440 रुपए। बीते सप्ताह में चांदी और सोने दोनों में तेजी रही, हालांकि दोनों अभी अपने उच्चतम स्तर से नीचे कारोबार कर रहे हैं। निवेशक इस अवसर को खरीदारी के लिए अनुकूल मान सकते हैं, लेकिन ज्वेलरी खरीदते समय जीएसटी और मेकिंग चार्ज का ध्यान रखना आवश्यक है।

# जीएसटी सुधारों ने आंशिक-हाइब्रिड एसयूवी को आकर्षक बनाया

**नई दिल्ली ।**

ोल्वो कार इंडिया के एक प्रमुख अे धिकारी ने बताया कि जीएसटी 2.0 ने लक्जरी वाहन खंड को सुव्यवस्थित किया है। कर संरचना में तर्कसंगत बदलाव के कारण आंशिक-हाइब्रिड एसयूवी ग्राहकों के लिए और अधिक आकर्षक हो गई हैं। प्रमुख मॉडल एक्ससी90 और एक्ससी60 की मासिक बिक्री में सुधार हुआ और दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि वोल्वो पूरी तरह इलेक्ट्रिक भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में भारत में बेची जाने वाली हर चार कारों में लगभग एक इलेक्ट्रिक वाहन है। 2026 में कंपनी और अधिक आक्रामक ईवी पेशकश करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी ने 2025 में अपने इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) पोर्टफोलियो को आगे बढ़ाया। आंशिक-हाइब्रिड और आईसीई कारों की मजबूत मांग ने वोल्वो की बिक्री को स्थिर आधार प्रदान किया।




# डीमार्ट का तीसरी तिमाही में मुनाफा 18 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख सुपरमार्केट चेन डीमार्ट ने दिसंबर 2025 में खत्म हुई तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 18.28 फीसदी बढ़कर 855.78 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल यह 723.54 करोड़ रुपये था। कुल रेवेन्यू 18,100.88 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल 15,972.55 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी के कुल खर्च 16,942.62 करोड़ रुपये तक बढ़ गए, जो पिछले साल 15,001.64 करोड़ रुपये थे। बोर्ड ने अंशुल असावा को 1 अप्रैल 2026 से सीईओ और एमडी बनाने की मंजूरी दी। मौजूदा सीईओ इग्नेशियस नवील नोरोन्हा 31 जनवरी 2026 को पद छोड़ेंगे।

# सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री में 27 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने रविवार को बताया कि दिसंबर तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग में 27 फीसदी की गिरावट आई। त्योहारी सीजन के बावजूद, इस दौरान कंपनी ने केवल 2,020 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचीं, जबकि पिछले साल समान तिमाही में 2,770 करोड़ रुपये की बिक्री हुई थी। कंपनी ने 408 इकाइयां बेचीं, जो पिछले साल की इसी अवधि के 1,518 इकाइयों से कम हैं। हालांकि, सिग्नेचर ग्लोबल के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि उनके प्रीमियम प्रोजेक्ट सर्वम को ग्राहकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, खासकर द्वारका एक्सप्रेसवे पर स्थित 'डीएक्सपी एस्टेट' में। सिग्नेचर ग्लोबल ने 2025-26 के पहले नौ महीनों में स्वस्थ प्रदर्शन का दावा किया, लेकिन बिक्री में गिरावट का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया।

# ईपीएफ खाते में नाम या जन्मतिथि गलत? सुधार करना बेहद आसान

## सुविधा उन्हीं सदस्यों को जिनका यूएएन 1 अक्टूबर 2017 से पहले एक्टिव हुआ

**नई दिल्ली ।**

अगर आपके कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) खाते में नाम की स्पेलिंग गलत है, जन्मतिथि मैच नहीं कर रही या वैवाहिक स्थिति में गड़बड़ी है, तो भविष्य में पीएफ निकालते समय परेशानी हो सकती है। हालांकि अब घबराने की जरूरत नहीं है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने प्रोफाइल सुधार की प्रक्रिया को काफी सरल बना दिया है। सही शर्तें पूरी होने पर कुछ ही स्टेप्स में आपका ईपीएफ रिकॉर्ड अपडेट हो सकता है। ईपीएफओ के नियमों के अनुसार मेंबर अपनी ईपीएफ प्रोफाइल में नाम, जन्मतिथि, वैवाहिक स्थिति, माता-पिता का नाम, जॉइनिंग डेट, लीविंग डेट और नेशनलिटी जैसी जानकारियों में सुधार कर सकते हैं। अलग-अलग परिस्थितियों के लिए ईपीएफओ ने स्पष्ट प्रक्रिया तय की है। कुछ शर्तें पूरी होने पर बिना किसी दस्तावेज के भी बदलाव किया जा सकता है। इसमें नाम, नेशनलिटी, माता-पिता का नाम, वैवाहिक स्थिति, जॉइनिंग डेट और लीविंग डेट शामिल हैं। यह सुविधा उन्हीं सदस्यों को मिलती है जिनका यूएएन 1 अक्टूबर 2017 से पहले एक्टिव हुआ हो और आधार से सत्यापित हो। अगर यूएएन 1 अक्टूबर 2017 से पहले एक्टिव है, तो बदलाव के लिए जॉइंट डिक्लेरेशन पर नियोक्ता की मंजूरी जरूरी होगी। वहीं, अगर यूएएन आधार से लिंक नहीं है या यूएएन मौजूद नहीं है, तो फिजिकल जॉइंट डिक्लेरेशन भरकर नियोक्ता के जरिए ईपीएफओ को भेजना होगा। अगर पुरानी कंपनी बंद हो चुकी है, तो जॉइंट डिक्लेरेशन पर किसी अधिकृत अधिकारी जैसे गजटेड ऑफिसर, नोटरी पब्लिक, सांसद, पोस्ट मास्टर या ग्राम पंचायत प्रमुख के हस्ताक्षर जरूरी होंगे। इसके बाद आवश्यक दस्तावेज ईपीएफओ ऑफिस में जमा कराने होंगे।

# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

## – वैश्विक बाजारों, डॉलर की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी  निवेशकों की नजर

**मुंबई ।**




घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह 2.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणामों और वैश्विक कारकों पर होगी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले हफ्ते में निवेशकों का मूड इन नतीजों के आधार पर तय होगा। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे आने शुरू हो गए हैं।

सोमवार 12 जनवरी को एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टीसीएस अपने तिमाही परिणाम जारी करेंगे। इसके बाद 15 जनवरी को इंफोसिस और 16 जनवरी को टेक महिंद्रा के वित्तीय आंकड़े सामने आएंगे। टेक्नोलॉजी कंपनियों के नतीजे निवेशकों को इस सेक्टर की रिकवरी और मुनाफे के रुझानों के बारे में संकेत देंगे। बैंकों के तिमाही नतीजे भी निवेशकों के लिए अहम होंगे। 17 जनवरी को एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजे आने वाले हैं।

इसके अलावा सप्ताह के दौरान अन्य प्रमुख बैंकों के नतीजे भी जारी होंगे। बैंकिंग सेक्टर के आंकड़े आर्थिक गतिविधियों और ऋण की मांग का स्पष्ट संकेत देंगे।

निवेशकों की नजर केवल घरेलू नतीजों पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक बाजारों, डॉलर की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों और ब्याज दरों पर भी होगी। ये कारक बाजार के रुझान को प्रभावित कर सकते हैं और निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला सकते हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि इस हफ्ते का बाजार प्रदर्शन मुख्य रूप से तिमाही नतीजों और वैश्विक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। निवेशक सतर्कता के साथ कंपनियों के नतीजों और आर्थिक संकेतकों पर ध्यान दे रहे हैं।

# महानगरों से बाहर व्यक्तिगत परिवहन की मांग हो रही मजबूत

**नई दिल्ली।**

साल 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि ग्रामीण बाजारों में कहीं अधिक मजबूत रही। जहां शहरी क्षेत्रों में यात्री वाहनों की बिक्री 8 प्रतिशत बढ़ी, वहीं ग्रामीण इलाकों में यह वृद्धि 12 प्रतिशत दर्ज की गई। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि ग्रामीण भारत अब देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर की विकास कहानी में अहम भूमिका निभा रहा है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा (फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन) के यह आंकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि महानगरों से बाहर व्यक्तिगत परिवहन की मांग लगातार मजबूत हो रही है। फाडा के मुताबिक, 2025 के दौरान ग्रामीण बाजारों में कुल 44.7 लाख यात्री वाहन बिके, जबकि 2024 में यह संख्या 41 लाख थी। इसके साथ ही वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों की हिस्सेदारी में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखने को मिली। कुल यात्री वाहन बिक्री का लगभग 33 प्रतिशत हिस्सा सीएनजी, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का रहा। सीएनजी वाहनों की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से बढ़कर 21 प्रतिशत हो गई, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4 प्रतिशत तक पहुंच गई। हालांकि हाइब्रिड वाहनों की हिस्सेदारी में हल्की गिरावट आई और यह 8.7 प्रतिशत से घटकर 8.2 प्रतिशत रह गई। दूसरी ओर पारंपरिक ईंधन वाले वाहनों की हिस्सेदारी में कमी देखी गई। पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की बिक्री हिस्सेदारी 2024 के 52 प्रतिशत से घटकर 2025 में 49 प्रतिशत रह गई, जबकि डीजल वाहनों की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत पर स्थिर बनी रही।

यह रुझान साफ तौर पर दिखाता है कि उपभोक्ता धीरे-धीरे वैकल्पिक और किफायती ईंधन विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। दिसंबर महीने में भी वाहन बिक्री की रफ्तार बनी रही। सालाना आधार पर दिसंबर में यात्री वाहनों की बिक्री में 26.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खासतौर पर ग्रामीण बाजारों में दिसंबर के दौरान बिक्री 32.40 प्रतिशत तक बढ़ गई। दिसंबर 2024 में जहां 2,99,799 वाहन बिके थे, वहीं दिसंबर 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 3,79,671 यूनिट हो गया। फाडा के अध्यक्ष सीएस विघ्नेश्वर के अनुसार, इस मजबूत प्रदर्शन के पीछे कई कारक रहे। उन्होंने बताया कि अच्छी फसल पैदावार, अनुकूल मॉनसून और सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य ने ग्रामीण आय को सहारा दिया। इसके अलावा जीएसटी में कटौती, आयकर में राहत और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दरों में कमी से भी ग्रामीण उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता बढ़ी। कुल मिलाकर 2025 में भारत की कुल खुदरा वाहन बिक्री 2.82 करोड़ इकाई रही।

दोपहिया वाहनों की बिक्री में 7.24 प्रतिशत, यात्री वाहनों में 9.70 प्रतिशत, वाणिज्यिक वाहनों में 6.71 प्रतिशत और ट्रैक्टरों की बिक्री में 11.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर 2025 में उद्योग ने 20.3 लाख वाहनों की खुदरा बिक्री की, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14.63 प्रतिशत अधिक रही।

# इस सप्ताह दो कंपनियां अपने निवेशकों को देंगी बोनस शेयर

## जिन निवेशकों के नाम रिकॉर्ड में होंगे, वही इस बोनस इश्यू के हकदार होंगे

**नई दिल्ली ।**

इस हफ्ते शेयर दो कंपे नियां अपने` निवेशकों को बोनस शेयर देने पर` विचार कर रही हैं। ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एआईआईएल) ने अपने शेयरधारकों को 4:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि जिन निवेशकों के पास 1 शेयर है, उन्हें 4 अतिरिक्त बोनस शेयर मिलेंगे। कंपनी ने इसके लिए 13 जनवरी 2026 को एक्स डेट और रिकॉर्ड डेट तय की है। इस दिन तक जिन निवेशकों के नाम रिकॉर्ड में होंगे, वही इस बोनस इश्यू के हकदार होंगे। ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में सक्रिय है और यह कदम निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। वहीं एग्रोकेमिकल सेक्टर की कंपनी बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड भी अगले हफ्ते बोनस शेयर जारी करेगी। कंपनी ने 1:2 के अनुपात में बोनस शेयर देने का निर्णय लिया है। यानी जिन निवेशकों के पास 2 शेयर हैं, उन्हें 1 अतिरिक्त शेयर मिलेगा। इसके लिए कंपनी ने 16 जनवरी 2026 को एक्स डेट और रिकॉर्ड डेट घोषित की है।

# एनएसई आईपीओ को राहत, सेबी से मिल सकता है एनओसी

## 2016 से अटका आईपीओ अब अंतिम चरण में, 8-9 महीनों में हो सकती है लिस्टिंग

**नई दिल्ली ।**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आईपीओ को लेकर एक अहम और सकारात्मक खबर सामने आई है। देश के बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) से एनएसई को इसी महीने नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) मिलने की संभावना है। यह जानकारी सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने चेन्नई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। सेबी के चेयरमैन ने कहा कि महीने के अंत से पहले एनएसई को मंजूरी मिल सकती है। इसके बाद आईपीओ की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना पूरी तरह से एनएसई पर निर्भर करेगा। एनओसी मिलने से एनएसई के लिए शेयर बाजार में लिस्ट होने का रास्ता साफ हो जाएगा। एनएसई का आईपीओ वर्ष 2016 से लंबित है। को-लोकेशन और डार्क फाइबर एक्सेस से जुड़े नियामकीय और कानूनी मामलों के चलते आईपीओ प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। एनएसई ने 2016 में डीआरएचपी दाखिल किया था और इसके बाद कई बार सेबी से एनओसी के लिए संपर्क किया। सीईओ के अनुसार, एनओसी मिलने के बाद एक्सचेंज को लिस्ट होने में करीब 8 से 9 महीने का समय लग सकता है। उल्लेखनीय है कि एनएसई के पास पहले से ही लगभग 1.72 लाख शेयरहोल्डर्स हैं और कंपनी में किसी प्रमोटर की हिस्सेदारी नहीं है।



# सोशल मीडिया को सिर्फ फिल्मों के प्रमोशन का जरिया नहीं मानतीं अदा शर्मा

अभिनेत्री अदा शर्मा सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं और अक्सर एक से बढ़कर एक पोस्ट कर प्रशंसकों के साथ जुड़ी रहती हैं। खास बात है कि वह इस प्लेटफॉर्म को केवल अपनी फिल्मों के प्रमोशन का जरिया नहीं मानतीं। उनके लिए यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां वह लोगों को प्रेरित कर सकती हैं, जागरूकता फैला सकती हैं और दूसरों की जिंदगी में खुशी ला सकती हैं। खास बातचीत में अदा ने सोशल मीडिया पर अपनी राय साझा की। अदा से जब पूछा गया कि आज के समय में वह सोशल मीडिया को कितना महत्व देती हैं तो उन्होंने बताया, मेरे लिए सोशल मीडिया का मतलब सिर्फ फिल्मों या प्रोजेक्ट्स का प्रमोशन नहीं है। यह एक एक ऐसी जगह है, जहां कई सकारात्मक काम किए जा सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, मैं हाथियों के कल्याण के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर्स के साथ मिलकर काम करती हूं। अदा ने सोशल मीडिया के महत्व पर एक उदाहरण देते हुए बताया, हाथी बाहर से बहुत बड़े और मजबूत लगते हैं, लेकिन जब इंसान उन्हें कैद में रखते हैं, जैसे सर्कस में, तो उनकी हालत बहुत बुरी हो जाती है। सर्कस में हाथियों की पीठ पर भारी वजन रखा जाता है, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट जाती है। उन्हें पीटा जाता है और वे दर्द में भी चुप रहते हैं क्योंकि बोल नहीं सकते। मैंने कई वीडियो पोस्ट किए, जिसे देखकर कई लोगों ने बताया कि उन्हें पहले नहीं पता था कि हाथी की सवारी करना गलत है। सर्कस में हाथियों की स्थिति देखकर दिल टूट जाता है। इतने बड़े जानवर को इंसान घुटनों के बल ला देते हैं। मैं सोशल मीडिया के जरिए ऐसी चीजों को उजागर करती हूं। उन्होंने बताया, इसके अलावा, मैं स्ट्रीट डॉग्स के एडॉप्शन को बढ़ावा देने और प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने की भी अपील सोशल मीडिया के जरिए करती हूं। इसके परिणाम काफी सकारात्मक रहे हैं। मैं शाकाहारी हूं और अपने नाश्ते या खाने की तस्वीरें डालती हूं, सच बताऊं तो इससे कई लोग प्रेरित होकर शाकाहारी बन चुके हैं। शाकाहारी भोजन में भी भरपूर प्रोटीन होता है। इससे मांसपेशियां, ताकत, स्टैमिना, सुंदरता, अच्छी त्वचा और बाल सब कुछ मिल सकता है। लोग गलत समझते हैं कि मजबूत बनने के लिए केवल मांसाहार जरूरी है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री के 10 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इसलिए अदा मानती हैं कि उन्हें भी कुछ वापस देना चाहिए। सोशल मीडिया के जरिए वह यही करती हैं। अदा ने बताया, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई तनाव में है। अगर एक वीडियो या पोस्ट से किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाए या किसी का दिन अच्छा बन जाए, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# मां बनने के 5 महीने बाद काम पर लौटीं कियारा आडवाणी

## कई एक्ट्रेसेस बनीं मिसाल



मां बनना अपने आप में एक खूबसूरत अहसास है। बॉलीवुड एक्ट्रेसेस भी इस प्यारे अहसास से गुजरती हैं। मां बनने के बाद उनकी जिंदगी खुशियों से भर जाती हैं। लेकिन इस खुशी के बीच वह अपना पैशन, प्रोफेशन दरकिनार नहीं करती हैं। कई एक्ट्रेसेस हैं, जिन्हें अपने काम से इतना प्यार रहा कि वह बच्चे के जन्म के कुछ वक्त बाद ही करियर फ्रंट पर सक्रिय हो गईं।

### कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी साल 2025 के जुलाई महीने में एक प्यारी सी बेटी की मां बनी हैं। लगभग पांच महीने के आराम के बाद वह काम पर फोकस कर रही हैं। पिछले दिनों उन्हें पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक शूट पर देखा गया। वहीं साउथ एक्टर यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से कियारा आडवाणी का लुक भी वायरल हुआ। यह फिल्म जल्द रिलीज होगी, इसमें कियारा ने एक अहम किरदार निभाया है।



### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी भी साल 2012 में एक बेटे की मां बनीं। सबसे पहले तो शिल्पा शेट्टी ने अपनी फिटनेस पर काम किया। साथ ही बेटे के जन्म के कुछ महीने बाद ही वह वर्क फ्रंट पर एक्टिव हो गईं। शिल्पा को डांस रियलिटी शो जज करते हुए देखा गया। शिल्पा ने बाकी महिलाओं को इंस्पायर किया कि वह प्रेग्नेंसी के बाद फिट रह सकती हैं और अपना काम भी अच्छे से कर सकती हैं।

### करीना कपूर

करीना कपूर को एक्टिंग से बहुत प्यार रहा है, वह ज्यादा देर तक अपने प्रोफेशन से दूर नहीं रह पाईं। करीना साल 2016 में पहली बार मां बनीं, तैमूर के जन्म के कुछ महीनों बाद ही वह एक्टिव हो गईं। यहां तक की दूसरे बेटे जेह के जन्म के 18 दिन बाद वह काम पर लौट आईं, एड फिल्मों की शूटिंग करने लगी थीं। जेह का जन्म साल 2021 में फरवरी महीने में हुआ था।



### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट भी करीना कपूर के नक्शे-कदम पर चलीं। एक्ट्रेस ने साल 2022 में बेटी राहा को जन्म दिया। लेकिन प्रेग्नेंसी के बाद लंबा ब्रेक नहीं लिया। आलिया ने अपने पुराने कमिटमेंट मां बनने के बाद जल्द ही पूरे किए। उन्होंने फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के लिए एक गाना रणवीर सिंह के साथ शूट किया।

### काजल अग्रवाल

साल 2022 के मई महीने में साउथ और हिंदी फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने भी एक बेटे को जन्म दिया। काजल ने भी प्रेग्नेंसी के दो महीने बाद ही अपनी एक फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी। वह तो अपने बच्चे को फिल्म सेट पर भी लाती थीं, जिससे उसकी अच्छे से देखभाल कर सकें।



# चित्रांगदा सिंह ने साझा किया द बैटल ऑफ गलवान का खास अनुभव



फिल्मों की दुनिया में कई बार कुछ मौके अचानक ही मिल जाते हैं, जिनकी उम्मीद नहीं होती। ऐसे ही एक खास मौके ने अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह को नया अनुभव दिया। इन दिनों चित्रांगदा सलमान खान की द बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। इंटरव्यू में अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वह सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। आईएएनएस से बात करते हुए चित्रांगदा ने अपने अनुभव के बारे में कहा, जब निर्देशक अपूर्व लाखिया ने मुझे इस फिल्म के लिए कॉल किया, तो मेरा पहला रिएक्शन यही था, सच में? मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी कि मुझे सलमान खान के साथ काम करने का मौका मिलेगा। मैंने न तो कभी सलमान से काम के लिए बात की और न ही कभी इसकी कोशिश की। यह मौका मेरे लिए पूरी तरह से आश्चर्यजनक और रोमांचक रहा। फिल्म द बैटल ऑफ गलवान की कहानी 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित है। 15 जून को नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों को जानमाल का नुकसान हुआ। सीमा के पास फायरआर्म्स का इस्तेमाल न करने के समझौते के कारण, सैनिकों ने लाठियों और पत्थरों का इस्तेमाल करते हुए लड़ाई लड़ी थी। चित्रांगदा ने कहा, मैं सेना की दुनिया को अच्छी तरह समझती हूं, और एक आर्मी मैन की बेटी होने के नाते, यह फिल्म मेरे लिए और भी व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण है। यह फिल्म सिर्फ एक मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील कहानी को लोगों तक पहुंचाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा, द बैटल ऑफ गलवान एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सेना और देशभक्ति के अनुभव से जुड़ी इस कहानी में काम करना गर्व का पल है। मेरा मानना है कि फिल्म दर्शकों को वास्तविक घटनाओं और सैनिकों के संघर्ष के करीब लाएगी और उन्हें देशभक्ति की भावना से जोड़ने में मदद करेगी। फिल्म में सलमान खान और चित्रागंदा सिंह की जोड़ी नजर आएगी। इसमें सलमान कर्नल बी. संतोष बाबू की भूमिका में नजर आएंगे, जिन्होंने असाधारण साहस के साथ 16 बिहार रेजिमेंट का नेतृत्व किया और मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित हुए थे।बैटल ऑफ गलवान 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# पर्दे पर फिर लौट रही सैयामी खेर और गुलशन देवैया की जोड़ी

बॉलीवुड में कुछ कलाकारों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को इतनी पसंद आती है कि वे पर्दे पर उस जोड़ी को फिर से देखने के लिए उत्साहित रहते हैं। सैयामी खेर और गुलशन देवैया की जोड़ी कुछ ऐसी ही है। दोनों ने पहले अनपॉज्ड और 8 ए.एम. मेट्रो जैसी फिल्मों में साथ काम किया, जिसमें उनके बीच की कमेस्ट्री दर्शकों को बहुत पसंद आई। अब यह जोड़ी फिर से एक साथ एक नए प्रोजेक्ट में नजर आने वाली है। एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि सैयामी और गुलशन ने हाल ही में इस नए प्रोजेक्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। उनकी जोड़ी को दोबारा स्क्रीन पर देखना दर्शकों के लिए हमेशा सुखद अनुभव रहा है। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि यह नया प्रोजेक्ट फिल्म है या वेब सीरीज, लेकिन इस जोड़ी को देखने के लिए फैंस काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सूत्र ने बताया कि इस नए प्रोजेक्ट की सभी जानकारी सीक्रेट रखी गई है, जिनका जल्द ही खुलासा हो सकता है। सैयामी खेर इन दिनों अक्षय कुमार और सैफ अली खान के साथ फिल्म हैवान में नजर आने वाली है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शरीब हाशमी भी अहम किरदार में हैं। फिल्म की शूटिंग कोच्चि, ऊटी और मुंबई जैसे शहरों में हुई। वहीं गुलशन देवैया भी हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज परफेक्ट फैमिली की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस सीरीज में उन्होंने विष्णु नाम के एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो एक परफेक्ट दिखने वाले परिवार का हिस्सा है। ये परिवार बाहर से खुश है, लेकिन अंदर से टूटा हुआ है। इस सीरीज का निर्देशन सचिन पाठक ने किया। इसमें गुलशन देवैया के अलावा, मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, गिरिजा ओक और नेहा धूपिया भी हैं। यह सीरीज 27 नवंबर को यूट्यूब चैनल जार सीरीज पर रिलीज हुई।






# प्रभास-तृप्ति के अलावा इन फिल्मों में पहली बार साथ नजर आएंगे बॉलीवुड-साउथ के सितारे


बॉलीवुड और साउथ के बीच की दीवारें टूट रही हैं। इस साल दर्शकों को नई जोड़ियां, बड़े स्केल की कहानियां और धमाकेदार एंटरटेनमेंट मिलेगा। 2026 सिनेमा के लिए बहुत एक्साइटिंग साल होने वाला है!

### स्पिरिट

फिल्म स्पिरिट में साउथ के मेगा सुपरस्टार प्रभास मुख्य भूमिका में हैं, जो एक ब्रूटल लेकिन ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं। उनके साथ बॉलीवुड की एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी लीड हीरोइन हैं। यह तृप्ति की तेलुगु सिनेमा में डेब्यू फिल्म है। फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा (जिन्होंने एनिमल बनाई थी) कर रहे हैं। यह एक एक्शन थ्रिलर है। हाल ही में फिल्म स्पिरिट का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें प्रभास और तृप्ति का इंटीमेट सीन दिखाया गया है।

### रामायण

नितेश तिवारी की रामायण हिंदू महाकाव्य पर




आधारित है। इसमें बॉलीवुड के सुपरस्टार रणबीर कपूर भगवान राम का किरदार निभा रहे हैं। उनके साथ साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस साई पल्लवी सीता की भूमिका में हैं। फिल्म में साउथ के बड़े स्टार यश (केजीएफ फेम) रावण का रोल कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। यह फिल्म दो पार्ट्स में रिलीज होगी। पहला पार्ट दिवाली 2026 में और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे।


### कार्तिक आर्यन और श्रीलीला



एक्टर कार्तिक आर्यन और साउथ अभिनेत्री श्रीलीला एक फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। एक्ट्रेस श्रीलीला (जो कन्नड़ और तेलुगु फिल्मों में बहुत पॉपुलर हैं) पहली बार हिंदी फिल्म में डेब्यू कर रही हैं। यह एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। पहले फिल्म का नाम आशिकी 3 होने की अफवाहें थीं, तो कही फिल्म का नाम तु मेरी जिंदगी है बताया जा रहा है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से कार्तिक और श्रीलीला की इस फिल्म के नाम की घोषणा नहीं हुई है।

### पेड्डी

फिल्म पेड्डी में साउथ के ग्लोबल स्टार राम चरण (आरआरआर फेम) लीड रोल में हैं। उनके साथ बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हीरोइन हैं। जाह्नवी का यह तेलुगु सिनेमा में दूसरा प्रोजेक्ट है। इस फिल्म से पहले जान्हवी देवरा में नजर आ चुकी हैं। पेड्डी में जान्हवी का किरदार अचियम्मा नाम का है। इस फिल्म का निर्देशन बुची बाबू साना कर रहे हैं। यह 27 मार्च 2026 को दुनिया भर में रिलीज होगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in